

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 28 जुलाई 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-04 ■ वर्ष -41 ■ अंक-121 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 29 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## सेना ने ले लिया पहलगाम नरसंहार का बदला

### आपरेशन महादेव चलाकर 3 आतंकवादियों को किया ढेर

**श्रीनगर,28 जुलाई।** जम्मू और कश्मीर में एक बार फिर सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। खबर है कि जवानों ने ऑपरेशन महादेव के तहत पहलगाम नरसंहार में शामिल संदिग्ध आतंकियों को घेर लिया है। एनकाउंटर में 3 आतंकी ढेर हो गए हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। 22 अप्रैल को हुए हमले में 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। खबर है कि सुरक्षाबलों को श्रीनगर के लिडवास में 3 आतंकवादियों के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद ऑपरेशन महादेव के नाम से सेना, जम्मू और कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने मिलकर साझा कार्रवाई शुरू की। इसके बाद लंबी मुठभेड़ में तीन दहशतगर्दों को ढेर कर दिया गया। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि सेना ने दो दिन पहले दाचीगाम के जंगल में संदिग्ध बातचीत ट्रेस की थी। इसके बाद ऑपरेशन शुरू करने का फैसला लिया गया। पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने वहां मौजूद सैलानियों पर गोलीबारी कर दी थी। उस घटना में 26 लोगों की मौत हो गई थी। खबरें थी कि इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े टीआरएफ दे रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी।



इसके बाद भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तान के क्षेत्र में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया था।

## हर-हर महादेव से गूंज उठा भोरमदेव

### मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर हजारों कांवड़ियों का किया भव्य स्वागत





**रायपुर, 28 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सावन मास के तीसरे सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्राचीन, धार्मिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के तीर्थ स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर में भक्ति और श्रद्धा की गूंज उस समय चरम पर पहुँच गई जब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हजारों कांवड़ियों और शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस शुभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्रीद्वय श्री विजय शर्मा और श्री अरुण साव उपस्थित थे। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब मुख्यमंत्री स्वयं श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्पवर्षा कर रहे हैं। पुष्पवर्षा के पश्चात् मुख्यमंत्री श्री साय ने बाबा भोरमदेव मंदिर पहुंचकर मंत्रोच्चारण, विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर परिसर में उपस्थित कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं से भेंट कर उनका हालचाल जाना और पूरे आत्मीय भाव से अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सावन मास के तीसरे सोमवार को बाबा भोरमदेव की पावन धरती पर शिवभक्तों के साथ जुड़ना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य और गर्व का विषय है। हजारों श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन हेतु यहां पहुंचे हैं—यह हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत मिसाल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अमरकंटक से 151 किलोमीटर पदयात्रा कर भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने वाली पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को भगवा वस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव कॉरिडोर विकास के लिए 146 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना न केवल मंदिर परिसर का कायाकल्प करेगी, बल्कि मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा से लेकर सरोदा जलाशय तक एक समग्र धार्मिक-पर्यटन कॉरिडोर के रूप में विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से अमरकंटक जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश के अनूपपुर में 5 एकड़ भूमि आबंटन की प्रक्रिया जारी है, जहाँ एक भव्य श्रद्धालु भवन का निर्माण प्रस्तावित है।

## संक्षेप

### मोदी के बाद अब योगी ने बनाया रिकॉर्ड

**लखनऊ,28 जुलाई।** पिछले दिनों देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लम्बे कार्यकाल के मामले में पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री



इंदिरा गाँधी को पीछे छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में रहते हुए 11 साल और 60 दिन पूरा करते ही देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के एक और रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पीएम मोदी अब सिर्फ जवाहरलाल नेहरू से पीछे चल रहे हैं जिन्होंने लगातार 16 साल 286 दिन तक प्रधानमंत्री की कुर्सी अपने पास रखी थी। बहरहाल इसी तरह का कीर्तिमान अब देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कायम किया है। उन्होंने यूपी के सबसे ज्यादा वक़्त तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम किया हैं। सीएम योगी ने इस मामले में कांग्रेस के पंडित गोविंद बल्लभ पंत को पीछे छोड़ दिया है।

### कर्नल सोफिया मामले में माफी नहीं मांगने पर सुको ने की मंत्री शाह की खिंचाई

**नई दिल्ली/भोपाल,28 जुलाई।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई टिप्पणी के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सर्वोच्च अदालत ने अपनी टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से माफी न मांगने पर विजय शाह की खिंचाई की।



'उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और पीएम मोदी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा। अब मोदी जी कपड़े तो उतार नहीं सकते। इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया है, तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। देश का मान-सम्मान और हमारी बहनों के सुहाग का बदला तुम्हारी जाति, समाज की बहनों को पाकिस्तान भेजकर ले सकते हैं।'



## तीसरे सावन सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**रायपुर,28 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आज सावन का तीसरा सोमवार है. इस मौके पर रायपुर के हटकेश्वर महादेव समेत प्रदेश के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी. लोग सुबह से लाईन में लगे है. आज सावन का तीसरा सोमवार है. हिंदू धर्म में सावन महीने को काफी पवित्र माना गया है और यह महीना भगवान शिव की पूजा के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है. वहीं आज रायपुर के हटकेश्वर महादेव समेत प्रदेश के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी. लोग सुबह से लाईन में लगे है. सावन के तीसरे सोमवार पर रायपुर के हटकेश्वर महादेव, बूढ़ेश्वर महादेव समेत अन्य मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़ है. सुबह से ही भक्तों का ताता लगा हुआ है. बड़ी संख्या में भगवान शिव के दर्शन करने लोग पहुंच रहे. बताया जा रहा है कि, बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में भी शिवभक्तों का सैलाब उमड़ रहा है. शिवभक्त जलाभिषेक कर बेल पत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर रहे. रायपुर के इस शिव मंदिर का इतिहास 602 साल पुराना है. वहीं मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर एक बार फिर आस्था का सैलाब उमड़ा है. मध्यप्रदेश के अमरकंटक और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित ज्वालेश्वर में शिव के भक्तों और कांवड़ियों का तांता लगा है, आसमान कांवरियों के बोल बम, हर हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान है. कांवड़िए मध्यप्रदेश की सीमा में स्थित अमरकंटक के नर्मदा उदगम से जल लाकर ज्वालेश्वर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने आज भी बड़ी संख्या मे यहां पहुंचे हुए हैं, कांवरियों ने पहले नर्मदा उदगम से जल भरा और विशेष पूजा अर्चना के बाद रवाना हुये यहां उनके कांवरों की आरती हुयी और मां नर्मदा से आशीष लेकर ज्वालेष्वर के शिव धाम में पंहुचे. इसके अलावा राजिम त्रिवेणी संगम के मध्य स्थित भगवान कुलेश्वर नाथ के मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी शिवभक्तों ने सुबह से ही कतारों में खड़े होकर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और पूजा-अर्चना की. मंदिर परिसर 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा. विशेष रूप से आज शाम से नाग पंचमी की तैयारियाँ भी जोर-शोर से चल रही हैं. इस अवसर पर भगवान कुलेश्वरनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें उन्हें फूलों, भस्म, चंदन और वस्त्रों से अलंकृत किया जाएगा. मान्यता है कि भगवान कुलेश्वर नाथ का शिवलिंग माता सीता द्वारा बालू से निर्मित किया गया था, और यह शिवलिंग रामेश्वरम से भी प्राचीन माना जाता है. यह स्थान न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है.

### सुप्रीम कोर्ट ने रैबीज से हो रही मौतों पर जताई चिंता

**नई दिल्ली,28 जुलाई ।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के बढ़ रहे हमलों और रैबीज से हो रही मौतों पर चिंता जताई है। कोर्ट ने सोमवार को परेशान करने वाली मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेकर रजिस्ट्री को मामले को स्वप्रेरित रिट याचिका के रूप में लेने को कहा है। मामले पर न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने निर्देश दिया कि समाचार लेख के साथ आदेश की एक प्रति आवश्यक निर्देशों के लिए मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत की जाए।पीठ ने आदेश जारी करते हुए कहा, आज अखबार की खबर में कुछ चिंताजनक है।

## खेलते-कूदते युवक की हार्ट अटैक से मौत

**हैदराबाद,28 जुलाई।** हैदराबाद के नागोले स्टेडियम में बैडमिंटन खेलते समय 25 साल के युवक की अचानक हुई मौत से हर कोई सन्न है. डॉक्टरों का दावा है कि युवक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई. घटना का एक वीडियो भी सामने आया है. घटना रविवार रात की है, जब गुंडला राकेश अपने दोस्तों के साथ स्टेडियम में बैडमिंटन खेल रहा था, तभी अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ा. दोस्तों ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान खम्मम जिले के थल्लाडा गांव के पूर्व उप सरपंच गुंडला वेंकटेश्वरलू के बेटे गुंडला राकेश के रूप में हुई. राकेश हैदराबाद में एक प्राइवेट कंपनी में कर्मचारी था और नियमित रूप से बैडमिंटन खेलने स्टेडियम जाता था. इस घटना ने उसके परिवार और दोस्तों को गहरे सदमे में डाल दिया है. सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है. स्थानीय थाना पुलिस ने मामले की जानकारी ली, लेकिन कोई केस दर्ज नहीं किया गया. बीते दिनों मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले से भी हार्ट अटैक का मामला सामने आया था, जहां नागदा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में



हार्ट अटैक के बाद अस्पताल के स्टाफ की तत्परता ने युवक की जान बचा ली. दरअसल, सीने में दर्द होने की शिकायत लिए 30 साल का एक युवक सनी गेहलोत नागदा के चौधरी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर पहुंचा था. डॉक्टर उनका ब्लड प्रेशर जांच रहे थे, तभी वह कुर्सी पर बैठे-बैठे अचेत होकर गिर पड़ा. जांच में न तो उसकी पल्स मिली और न ही ब्लड प्रेशर. तुरंत डॉक्टरों ने सीपीआर और इलेक्ट्रिक शॉक थैरेपी देने का निर्णय लिया और इलाज शुरू किया. मरीज को तत्काल आईसीयू में शिफ्ट किया गया, जहां उसे लगातार सीपीआर दी गई. डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई और युवक की जान बच गई.

### आतंकवादियों के पाकिस्तानी होने का सबूत नहीं : चिदंबरम

**नईदिल्ली,28 जुलाई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने अपने मीडिया साक्षात्कार में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बयान दिया है, जिससे भाजपा बुरी तरह नाराज हो गई है। भाजपा नेताओं ने चिदंबरम पर पाकिस्तान को क्लीन चिट देने का आरोप लगाया है और सवाल उठाया है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हमेशा पाकिस्तान का बचाव क्यों करते हैं। चिदंबरम ने सरकार पर तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे इस तथ्य को छिपा रहे हैं कि हमने सामरिक गलतियां की हैं। उन्होंने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की भूमिका पर भी सवाल उठाया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 25 मवेशियों की मौत

**बिलासपुर,28 जुलाई।** बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने 26 गायों को कुचला दिया. 25 मवेशियों की मौत हो गई और 1 गंभीर रूप से



घायल है. घटना को लेकर गौ रक्षकों में भारी रोष है. उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग है. जानकारी के मुताबिक, सिलपहरी गांव में अज्ञात वाहन ने सड़क पर घुमंतू मवेशियों को अपनी चपेट में ले लिया. हादसा इतना भीषण था कि 25 गायों की मौत हो गई. वहीं 1 गाय गंभीर रूप से घायल हुई. घटना की सूचना के बाद गौ रक्षक मौके पर पहुंचे और मवेशियों की लाश को सड़क के किनारे रखा और घायल मवेशी का इलाज करवाया. आक्रोशित गौ रक्षकों ने पुलिस से दोषी पर कार्रवाई की मांग की है. वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है. मुख्यमंत्री साय ने बैठक में निराश्रित पशुओं की आवाजाही पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे. बैठक में उन्होंने अधिकारियों से सड़क सुरक्षा को लेकर जानकारी ली थी. गोधन विकास से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने निराश्रित एवं लावारिस गौवंश की देखभाल, चारे की उपलब्धता और उनके पुनर्वास के लिए सुनियोजित रणनीति अपनाने की बात कही थी. उन्होंने कहा था कि हाईवे पर पशुओं की उपस्थिति केवल यातायात में बाधा नहीं, बल्कि जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनती है.

## जांजगीर में 'राजा रघुवंशी' जैसा हत्याकांड

### ● प्यार में रोड़ा बन रहा था पति, पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर उतारा मौत के घाट



**जांजगीर,28 जुलाई।** इंदौर के 'राजा रघुवंशी' जैसा ही एक मामला जांजगीर-चांपा से सामने आया है. जहां अकलतरा थाना क्षेत्र के कोटमीसोनार गांव में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति अमरनाथ केंवट को मौत के घाट उतार दिया. इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि पत्नी के सामने ही प्रेमी युवराज निषाद ने गैंती से पति अमरनाथ केंवट की हत्या की है. इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई. कोटमिसोनार के युवक अमरनाथ केंवट की पत्नी ईश्वरी केंवट, प्रेमी युवराज निषाद से 8 माह पहले सामाजिक कार्यक्रम में मिली थी, इसके बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हुआ. फिर अमरनाथ केंवट की पत्नी प्रेमी युवराज केंवट से साथ भाग गई और 4 माह तक उसके साथ रही. जहां पति की हत्या की साजिश रची गई और प्लानिंग के तहत, घटना के 4 दिन पहले ही पत्नी अपने पति के घर कोटमिसोनार गांव वापस आई थी, इसके बाद आरोपी पत्नी ने प्रेमी को घर बुलवाया और दोनों ने साथ मिलकर अपने पति अमरनाथ पर गैंती से हमला कर दिया और हत्या कर दी.

**पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार**-हत्या के बाद आरोपी प्रेमी फरार हो गया था. घटना की सूचना के बाद पुलिस सक्रिय हुई. इसके बाद आरोपी प्रेमी युवराज निषाद, आरोपी पत्नी ईश्वरी केंवट को घटना के कुछ घण्टों बाद अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, मामले में पुलिस की जांच जारी है.

## रायपुर में 1 साल में बनेंगे 7 नए ओवरब्रिज

**रायपुर,28जुलाई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को 7 नए ओवरब्रिज की सौगात मिलने जा रही है. 25 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर में एक साल के भीतर लोक निर्माण विभाग इन ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर लेगा. इन प्रोजेक्ट्स के लिए बजट भी मंजूर कर दिया है. ओवरब्रिज बनाने के लिए उन सड़कों की पहचान की गई है, जहां सबसे ज्यादा ट्रैफिक जाम और हादसे होते हैं. पीडब्ल्यूडी ने इसी सर्वे के आधार पर तय किया गया कि किस सड़क पर नया ओवरब्रिज बनना है. नए ओवरब्रिज के निर्माण से ट्रैफिक जाम-हादसों में कमी आएगी और हर सड़क पर जनता के 20 मिनट बचेंगे. लोक निर्माण विभाग के मुताबिक, राजधानी में सबसे पहले ओवरब्रिज कालीबाड़ी चौक से पुलिस लाइन गेट और अमलीडीह चौक, केनाल लिंकिंग रोड पर द्रोणाचार्य स्कूल के पास बनेगा. अधिकारियों की योजना है कि इस ब्रिज के साथ ही गुढ़ियारी स्थित शुक्रवारी बाजार से स्टेशन की तरफ आने वाली सड़क पर भी ओवरब्रिज बनाने पर काम किया जा रहा है. इसके कारण इस इलाके को सीधे एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा सकेगा. लोक निर्माण के अफसरों का दावा है कि नए ओवरब्रिज के लिए मुख्यालय से भी सहमति बन गई है. इस वजह से इन सभी ओवरब्रिज का निर्माण होना तय है. 7 ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि हमारी सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लगातार विकास के कार्य कर रही है. इस वर्ष को हमने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है.

**सार बातें**

### ऑपरेशन सिंदूर: 22 मिनट में 100+ आतंकी ढेर

## पाक का हर वार हुआ नाकाम : राजनाथ

नई दिल्ली,28 जुलाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' का विस्तृत ब्योरा दिया, जिसमें भारतीय सेना ने 22 मिनट में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला कर 100 से ज़्यादा आतंकवादियों को ढेर कर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे भारत की अभेद्य वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हर जवाबी वार को विफल कर दिया, जिससे दुश्मन एक भी निशाना नहीं साध पाया। सदन में व्यवधान के कारण शुरुआती देरी के बाद सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू हुई। यह चर्चा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संबोधन के साथ दोपहर 12 बजे शुरू होनी थी। लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही लगातार तीन बार स्थगित करनी पड़ी, जिससे चर्चा शुरू होने का समय आगे बढ़ गया। बाद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोपहर 2 बजे लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर' केवल सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति का निर्णायक प्रकटीकरण था। राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा कि मैं उन सैनिकों को नमन करता हूँ जिन्होंने भारत की अखंडता के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। यह सिर्फ़ एक सैन्य अभियान नहीं था, बल्कि आतंकवाद के ख़िलाफ़ एक निर्णायक प्रदर्शन था।





उन्होंने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछकर नागरिकों की हत्या कर दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों को खुली छूट दे दी। हमारे पास कई विकल्प थे। लेकिन हमने वह विकल्प चुना जिससे पाकिस्तानी नागरिकों को कोई नुकसान न हो और सिर्फ़ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया जाए। हमने 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक निशाना साधा। 100 से ज़्यादा आतंकवादी मारे गए। राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि हमारे सशस्त्र बलों द्वारा किए गए सुनियोजित हमलों में आतंकवादी ढाँचे के 9 ठिकानों पर सटीक निशाना साधा गया। इस सैन्य अभियान में, अनुमान है कि सौ से ज़्यादा आतंकवादी, उनके प्रशिक्षक, आका और सहयोगी मारे गए। इनमें से ज़्यादातर जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज़्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकवादी संगठनों से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि पूरा ऑपरेशन 22 मिनट के भीतर पूरा कर लिया गया। उन्होंने कहा कि भारत के आतंकवादी शिविरों पर हमले के बाद भारतीय डीजीएमओ ने पाकिस्तानी डीजीएमओ को सूचित किया और कहा कि हम हालात को और खराब नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बल अपने सभी उद्देश्यों को पूरा करने में सफल रहे।

## आधार और वोटर आईडी को माना जाए वैध दस्तावेज: सुको

**नई दिल्ली,28 जुलाई।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में आधार और मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) को वैध दस्तावेज़ के रूप में स्वीकार करने में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) की अनिच्छा पर सवाल उठाया और कहा कि कोई भी दस्तावेज़ जाली हो सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग के बहिष्कार के रवैये पर चिंता व्यक्त की और सत्यापन प्रक्रिया में दोनों दस्तावेज़ों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि दुनिया का कोई भी दस्तावेज जाली हो सकता है। उन्होंने चुनाव आयोग से यह स्पष्ट करने का आग्रह किया कि आधार और ईपीआईसी को पूरी तरह से स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा है, जबकि पंजीकरण फॉर्म में आधार पहले से ही मांगा जा रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने कहा कि ईसीआई द्वारा सूचीबद्ध कोई भी दस्तावेज जाली हो सकता है और स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची से केवल आधार कार्ड और चुनावी फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) को बाहर करने के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया।

# कांवड़ यात्रियों ने भोरमदेव मंदिर में किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

**कवर्धा, 28 जुलाई।** 21 जुलाई को पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ 300 से अधिक कांवड़ियों ने माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर की यात्रा शुरू की जो 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ जी की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के साथ पूर्ण हुई। छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना हेतु यह कांवड़ यात्रा पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में शुरू की गई और 7 दिनों में घने जंगलों, पर्वतों, बीहड़ रास्तों, उफनती नदियों और घनघोर बारिश को पार करते हुए डोंगरिया महादेव एवं भोरमदेव मंदिर में शिवजी के जलाभिषेक के साथ पूरी हुई। सभी अवरोधों को पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे कांवड़ियों ने पार किया और मन में एक पवित्र संकल्प एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति अपार आस्था के साथ निकली इस यात्रा में हर दिन एक नई उर्जा,उल्लास एवं उत्साह दिखाई दिया। 151 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर भावना बोहरा और उनके साथ सभी कांवड़ियों ने यह जरुर साबित किया है कि यदि दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति के साथ मन में भक्ति और आस्था से आप अपने हर लक्ष्य और संकल्पों को पूरा कर सकते हैं। यह यात्रा छत्तीसगढ़ में अपने आप में एक मिसाल होगी यह पहला अवसर है कि एक महिला जनप्रतिनिधि ने प्रदेश व प्रदेशवासियों की मंगलकामना के लिए 151 किलोमीटर की कठिन यात्रा की और नारी शक्ति का एक सन्देश भी दिया है। यात्रा के अंतिम दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों ने सुबह 7 बजे बोड़ला से अपनी यात्रा प्रारंभ की और दोपहर 12 बजे भोरमदेव मंदिर पहुंची। इस दौरान बोड़ला, में हजारों की संख्या में शिवभक्तों, सामाजिक व



हिन्दू संगठनों, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा करके उनका भव्य स्वागत किया। हर हर महादेव और बोल बम के नारों के साथ पूरा कवर्धा शिवभक्ति में लीन और भगवामय हो गया। इस दौरान भोरमदेव मंदिर में लगभग 15000 से अधिक शिवभक्तों ने मंदिर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया ढोल-बाजों और भक्तिमय गीतों, पुष्पवर्षा से भावना बोहरा और उनके साथ पधारे कांवड़ यात्रियों का सभी ने अभिनंदन किया। यह पहला अवसर होगा जब भोरमदेव मंदिर में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ पहुंची जहाँ लोगों ने खुले दिल से भावना बोहरा और उनके साथ कदम मिलाकर चलने वाले कांवड़ियों की अमरकंटक से भोरमदेव तक कांवड़ यात्रा की प्रशंसा की। यह कांवड़ यात्रा माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से प्रारम्भ होकर लम्हनी, वन ग्राम महामाई, खुड़िया,गौरकापा, पंडरिया, मोहतरा, पांडातराई, डोंगरिया महादेव,बोड़ला होते हुए भोरमदेव मंदिर में पूर्ण हुई। इस दौरान भोरमदेव मंदिर में भंडारा एवं महाप्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया जिसमें 15000 से अधिक शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने भी भोरमदेव मंदिर में दर्शन करने हेतु पधारे श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन किया और प्रसाद वितरण किया इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि यह यह क्षण और मेरे लिए गौरव और भावनाओं से भरा है जो मुझे आजीवन स्मरणीय रहेगा। भगवान भोलेनाथ और माँ नर्मदा के आशीर्वाद से और कबीरधाम जिला के शिवभक्तों, कांवड़ यात्रियों के अपार स्नेह,अपनत्व और सहयोग से यह यात्रा आज पूर्ण हुई है जिसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। विशेष रूप से मैं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ.रमन सिंह जी का भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने यात्रा के दौरान फोन पर बातचीत करके हम सभी का हौसला बढ़ाया और मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। यह मेरे लिए परम गौरव का क्षण है, छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-शांति और प्रदेश की समृद्धि हेतु जो संकल्प एवं कामना लेकर 21 जुलाई से हमने यह यात्रा प्रारंभ की और लगभग 300 से अधिक कांवड़ यात्रियों ने पुण्य यात्रा में मेरे साथ हर कदम पर अपनी सहभागिता निभाई उसके प्रति मैं सभी का आभार व्यक्त करती हूँ।

## एक नजर

### आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन की बैठक संपन्न



**भिलाई, 28 जुलाई।** आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन की बैठक रविवार को आंबेडकर पार्क सेक्टर 1 में सम्पन्न हुई। पूर्व अध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी के. उमाशंकर राव द्वारा नव निर्वाचित समिति के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई। आय-व्यय का संपूर्ण जानकारी पूर्व कोषाधिकारी एम. ईश्वर राव द्वारा दी गई। उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयां दी। चुनाव अधिकारी द्वारा चुनावी कार्य के आय-व्यय की सम्पूर्ण जानकारी दी। बैठक में मुख्य रूप से नव निर्वाचित अध्यक्ष ए दुर्योधन राव, महासचिव के प्रसाद राव, कोषाधिकारी एम ईश्वर राव, उपाध्यक्ष एम वेंकट राव, उप महासचिव पी जगदीश राव, कार्य समिति सदस्य डी शंकर राव, सी एच अप्पलस्वामी, के शिवकुमार रायुडू , जे श्रीनिवास राव ने एसोसिएशन के द्वारा जन उपयोगी तथा सेवा कार्य करने के संकल्प लिया गया। वरिष्ठ सदस्य वी सुर्यनारायण, के पापा राव, यू लक्ष्मण मूर्ति, पी चंद्रशेखर, डी राजू , ए जगन्नाथ, एम कृष्णा एवं गणमान्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सामाजिक सेवा भावना से निरन्तर जनहित कार्य करने का संकल्प लिया गया।

### गांजा बेचते दो युवक एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई, 28 जुलाई।** भिलाई अवैध रुप से गांजा बेच रहे दो युवक और एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा हैनेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगरने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बैकुंठधाम मंदिर नर्सरी के पास नेवई में स्टेशन मरोदा शिवपारा नेवई निवासी सुजल सिंह, गौतम नगर सुपेला सोनू साहू उर्फ शेखर. अपचारी बालक अवैध रूप से गांजा बेच रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंची और दबिश देकर तीनों को पकड़ लिया। सुजल सिंह के पास से एक सफेद रंग की बोरी में गांजा बोरी समेत वजनी 1.238 किलोग्राम 10 हजार रुपए का जब्त किया। इसके अलावा बाइक सीजी 07 सीएन 7170 कीमत 40 हजार रुपए, मोबाइल 30 हजार का जब्त किया। सोनू साहू उर्फ शेखर से बाइक सीजी 07 सी क्यू 3859 को जब्त किया जिसकी कीमत 40 हजार रुपए और गांजा, नगदी रकम 1 हजार रुपए, मोबाइल जब्त किया गया। अपचारी बालक से बिक्री रकम 500 रुपए मोबाइल, 4 हजार रूपये का जब्त किया है। तीनों के पास से सामान कुल 1 लाख 30 हजार 500 रूपये आंकी गई है। प्रकरण के अन्य आरोपी सुपेला निवासी अभिषेक फरार था जिसे भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

### अधेड़ गिरफ्तार



**भिलाई, 28 जुलाई।** भिलाई गांजा बेचते पुलिस ने एक अधेड को गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पदमनाभपुर थाने पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है पदमनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया चौक दुर्ग, शिव मंदिर गार्डन के पास वार्ड - 54, पोटियाकला आबादीपारा दुर्ग निवासी शेषनारायण वर्मा उर्फ जुगनू को पकड़ा उसके पास से पुलिस ने गांजा वजन 1.100 किलोग्राम 5 हजार 500 रूपये, गांजा बिक्री रकम 500, मोबाईल 15 हजार रूपये का जब्त किया है ।

### सर्पदंश से बचाव के लिए नागपंचमी पर 29 जुलाई को कार्यशाला का हो

**जशपुरनगर, 28 जुलाई।** लोगों को सर्पदंश से बचाव के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 29 जुलाई को नागपंचमी के अवसर पर जशपुर वन मंडल द्वारा जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा सर्प विशेषज्ञों के द्वारा सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के संबंध में किसी आपात परिस्थिति में क्या करें तथा क्या न करें इसकी विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## न्यायमूर्ति ने किया जिला न्यायालय का वार्षिक निरीक्षण

**भिलाई, 28 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधिपति पी.पी. साहू पोर्टफोलियो जज जिला दुर्ग द्वारा जिला न्यायालय दुर्ग का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व सर्किट हाउस में जिला न्यायालय दुर्ग के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पोर्टफोलियो जज की आगवानी की गयी। उक्त भेंट में पोर्टफोलियो जज द्वारा जिले के कलेक्टर से नवीन न्यायालय भवन के संबंध में भूमि आबंटन तथा न्यायाधीशों के आवास हेतु भूमि आबंटन के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। तदोपरांत पोर्टफोलियो जज का न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं तथा न्यायिक कर्मचारियों ने आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात पोर्टफोलियो जज के द्वारा



न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की गयी, जिसमें वर्तमान में जारी स्पेशल मीडिएशन ड्राइव मध्यस्थता राष्ट्र के लिए तथा आगामी नेशनल लोक अदालत को लेकर भी चर्चा की गई। तत्पश्चात पोर्टफोलियो जज के द्वारा विभिन्न न्यायालयों, डिजिटाइजेशन सेंटर, परिवार न्यायालय, विशेष न्यायालय, किलकारी कक्ष, नवीन सभागार, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, अधिवक्ता कक्ष एवं ज्यूडिशल सर्विस सेंटर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान न्यायमूर्ति ने न्यायालय की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों की स्थिति, न्यायिक अधिकारियों के कार्य निष्पादन तथा न्यायालय परिसर की भौतिक संरचना का सूक्ष्म अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान पोर्टफोलियो जज के द्वारा अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को किसी भी प्रकार से होने वाली असुविधा के निवारण हेतु संबंधित लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण को यथासंभव शीघ्र अधोसंरचना से संबंधित कार्य नियमानुसार पूर्ण करने तथा बेहतर सुविधा व त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के पश्चात पोर्टफोलियो जज के द्वारा अधिवक्ताओं के कार्यालय में जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण तथा अधिवक्तागण से भेंट कर कुशलक्षेम जाना एवं उनकी मूलभूत समस्याएं सुन कर नियमानुसार निराकरण का आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात जिले के न्यायिक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा पोर्टफोलियो जज से सौजन्य भेंट की। पोर्टफोलियो जज के द्वारा न्यायिक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की मूलभूत समस्याएं सुन कर नियमानुसार निराकरण का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रार विजिलेंस मंसूर अहमद, जिला न्यायालय दुर्ग के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अधिवक्ता संघ दुर्ग के अध्यक्ष, सचिव, अन्य पदाधिकारीगण व सदस्य अधिवक्तागण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग एवं प्रशासनिक अधिकारीगण की उपस्थिति रही।

## पोस्ट ऑफिस में मिल रही रेल आरक्षण की सुविधा

**कोरबा,28 जुलाई।** यात्रियों की सुविधा और पहुंच को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत यात्रियों को आरक्षित टिकट बुकिंग की सुविधा रेलवे स्टेशनों के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत मंडल के 8 प्रमुख स्थानों पर नॉन-रेल हेड और डाकघर में रेल आरक्षण सुविधा उपलब्ध है, जिससे यात्री अपने नजदीकी स्थान से ही आरक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। यह सुविधा भारतीय रेल की कम्प्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध है, जिसके तहत यात्री सभी ट्रेनों के लिए आरक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में रहने वाले यात्रियों के लिए लाभकारी है, जो रेलवे स्टेशन से दूर निवास करते हैं या जिनके लिए स्टेशन तक आना संभव नहीं होता। यह सुविधा मंडल के अम्बिकापुर, अमरकंटक, कोरबा और जशपुर के पोस्ट ऑफिस तथा बलौदा (भारतीय स्टेट बैंक के सामने), बैकुंठपुर शहर (पोस्ट ऑफिस के सामने, फव्वारा चैक), मुंगेली (मुंगेली थाने के सामने) और सूरजपुर रोड (पुराने बस स्टैंड के पीछे) में उपलब्ध है 7 वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रयास रेलवे की यात्री सुविधा सर्वोपरि नीति को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## पर्यवारण संरक्षण के लिए पौधारोपण एक सार्थक पहल:महापौर

**दुर्ग,28 जुलाई।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं शहर को प्रदूषण मुक्त व हराभरा करने नगर निगम के अलावा अन्य संस्थाओं द्वारा भी शहर में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पुलिस लाइन वार्ड क्रमांक 48 के मैदान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मेयर श्रीमती अलका बाघमार ने पौध रोपण किया।

इस दौरान मेयर ने मौजूद लोगो से कहाँ कि पौधरोपण सिर्फ फोटो खींचने के लिए न हो,मेयर अलका बाघमार के साथ पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या मे वार्डवासियो ने वार्ड 48 के मैदान मे नीम, बादाम, गुलमोहर, अमलताश, मौलश्री प्रजाति के पौधे लगाए।महापौर ने कहा कि आज शहर को विकसित करने जिस गति से वृक्षों की कटाई हो रही है, उस गति से पेड़ लगाए नहीं जा रहे है, जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषित और आक्सीन की कमी हो रही है।महापौर ने कहा कि पेड़ न लगाने के कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है ।

## शिव महापुराण आयोजन स्थल का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

**भिलाई, 28 जुलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जयंती स्टेडियम के सामने मैदान में आगामी 30 जुलाई से 5 अगस्त तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा कथा वाचन करेंगे। इसमें हजारों श्रद्धालु आकर कथा का श्रवण करेंगे। सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसपी विजय अग्रवाल, अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर, कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक, नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह से पूरी जानकारी प्राप्त किये। कहां पर पंडाल लग रहा है, भक्तों को रुकने की व्यवस्था क्या है, किस प्रकार से भक्त बैठेंगे, उनके आने-जाने की मार्ग



क्या होगा, जो लोग रुकेंगे उनके लिए भोजन व्यवस्था, शौचालय, पानी, इत्यादि के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त की। कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। दया सिंह ने बताया कि सभी चीज का स्थान निर्धारित हो गया है। कहां पर भोजन बनेगा, कहां पर परोसा जाएगा, किस प्रकार से भोजन वितरण किया जाएगा, भक्तों के आने व जाने की व्यवस्था, वीआईपी गेट कहां होगा, कार्यकर्ता लोग किस प्रकार से एक दूसरे का सहयोग करेंगे सभी जानकारी दिए। यह भी देखने में आया कि भक्त लोग 7 दिन पहले से ही अपने टोली के साथ आ गए हैं। वहीं पर भजन गाते हुए श्रद्धापूर्वक रह रहे हैं। उनका कहना है हम अपना जगह सुरक्षित रखते हैं, जिसे आसानी से शिव महापुराण सुन सके। आने वाले श्रद्धालुओं को समय का विशेष ध्यान रखना होगा। समय से पूर्व आकार के अपना स्थान सुरक्षित कर लेंगे तो अच्छा रहेगा। एक दूसरे का सहयोग करेंगे, यहां पर मेडिकल की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। प्रशासन का पूरा प्रयास रहेगा कि किसी प्रकार से कोई और सुविधा न हो। नगर निगम भिलाई के तरफ से आयुक्त आयुक्त राजीव कुमार पांडे के द्वारा अधिकारी कर्मचारी यो की ड्यूटी लगाई गई है जो अपनी सेवाएं दे रहे हैं। भक्तों को आने-जाने हेतु यातायात सुविधा का ध्यान दिया जा रहा है। गाड़ियों के पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

## गुरुद्वारा बेबे नानकी के कुलवंत सिंह बने प्रधान



**भिलाई, 28 जुलाई।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बेबे नानकी जी के 2 साल पूर्ण होने को उपरांत छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरुद्वारा बेबे नानकी जी सेक्टर 11 भिलाई गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान पद के लिए सरदार कुलवंत सिंह को सिख पंचायत के दिए फैसले की सहमति से नवनिर्वाचित करते हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में अरदास करने के उपरांत सिरोपाओ की बख्शीश देकर स्वीकृति दी गई। सिख पंचायत के साथ-साथ सिख यूथ सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू एवं कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह लल्लू द्वारा उन्हें बधाई दी गई । सिख पंचायत महासचिव गुरुनाम सिंह ने बताया कि नई कमेटी का कार्यकाल 2 साल तक रहेगा एवं पांच दिन में सिख पंचायत को कमेटी गठन की सूची सौंपी जाएगी।

इस मौके पर सिख पंचायत के वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गांधी, पलविंदर सिंह रंधावा, जसबीर सिंह सैनी, हरभजन सिंह चहल,,बलदेव सिंह, तेजिंदर सिंह हुंदल,, गुरमीत सिंह चहल, अमरजीत सिंह बल,हरपाल सिंह हैप्पी,, बलजिंदर सिंह कलेर, हरपाल सिंह कमल, सरूप सिंह, पुष्पक सिंह गिल, बलविंदर सिंह काला, बलविंदर सिंह , स्वर्ण सिंह कोक, गुरप्रीत सिंह वाधवा, अजित सिंह काले, गुरनाम सिंह,अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## 31 जुलाई को आयोजित होगी शिक्षकीय समीक्षा बैठक

अम्बिकापुर, 27 जुलाई ।कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देशानुसार जिले के शैक्षणिक वातावरण को सशक्त बनाने एवं विद्यालयी व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु 31 जुलाई 2025 को प्रातः 11ः00 बजे से बैठक का आयोजित की जाएगी। यह बैठक राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर के ऑडिटोरियम में संपन्न होगी।बैठक में जिले के समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं शासकीय हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी/सेजस विद्यालयों के प्रधानपाठक शामिल होंगे। यह उपस्थिति अनिवार्य रूप से निर्धारित की गई है,बैठक में प्रमुख रूप से विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा- बैठक में कक्षा 10वीं व 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम 2025 की समीक्षा, परीक्षा परिणाम सुधार के लिए विद्यालयों द्वारा की गई कार्य योजनाओं की प्रस्तुति,प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु, योजना,शिक्षक-विद्यार्थियों की उपस्थिति स्थिति, गणवेश वितरण व शैक्षणिक सामग्री की अद्यतन स्थिति, इंस्पायर अवार्ड हेतु प्रस्तावों का पंजीयन, शिक्षक बैठक एवं पालक शिक्षक बैठक ;पीटीएमद्ध के आयोजननामांकन पोर्टल व मोबाइल एप डेटा एंट्री की जानकारी, आंतरिक निगरानी समिति की गठन स्थिति, नवाचारों व विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता मिशन की प्रगति, नई शिक्षा नीति की जानकारी व क्रियान्वयन, विद्यालयों में यूथ क्लब/ईको क्लब संचालनबोर्ड परीक्षा में बोनस अंक हेतु विद्यार्थियों की पात्रता, स्थानीय विषयों को पाठ्यक्रम से जोड़ने संबंधी सुझाव एवं विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

## गांजा तस्करी मामले में 3 आरोपियों को 5-5 साल की सजा

**बिलासपुर,28 जुलाई।** बिलासपुर की विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट ने गांजा तस्करी के मामले में महिला समेत 3 आरोपियों को दोषी करार दिया है, और पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50-50 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है. साथ ही जुर्माना नहीं चुकाने पर दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा. फैसला विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट कु. पुष्पलता मारकण्डे की कोर्ट ने सुनाया है।

दरअसल, 31 दिसंबर 2023 को सकरी थाना के सहायक उप निरीक्षक हेमंत आदित्य को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सैदा निवासी सुलक्षणा पाण्डेय एक सफेद रंग की डस्टर कार में ओडिशा से गांजा लेकर आ रही है. पुलिस की टीम ने गतवा तालाब के पास घेराबंदी कर उक्त वाहन को पकड़ा, तलाशी लेने पर सीट के नीचे छिपाकर रखे पांच पैकेटों में कुल 12 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ. वाहन में सवार इदरीश मोहम्मद निवासी महामाया पारा घुटकू थाना कोनी, मोनू उर्फ विनोद चौधरी निवासी लालपुर थाना गौरेला एवं सुलक्षणा पाण्डेय निवासी ग्राम सैदा थाना सकरी को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया. इनके पास से गांजा के अलावा डस्टर कार, तीन मोबाइल फोन एवं नगदी 2,000 रुपये भी जब्त किए गए थे.विशेष न्यायाधीश कु. पुष्पलता मारकण्डे ने मामले में सभी साक्ष्य, दस्तावेज एवं अभियोजन की दलीलों पर विचार करते हुए तीनों आरोपियो को दोषसिद्ध पाया. अदालत ने इदरीश मोहम्मद, मोनू चौधरी उर्फ विनोद चौधरी एवं सुलक्षणा पाण्डेय को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(2-बी) के तहत पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई. अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### राजनीतिक छवि धूमिल करने वालों पर कार्रवाई की मांग की गई

**राजनांदगांव।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमशुल आलम ने बयान जारी कर कहा है कि कुछ लोग राजनीतिक छवि धूमिल करने के लिए मेरी खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं. शमशुल ने कहा कि कुछ दिन पहले समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला कि चिखली शराब दुकान में फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम ने दबिश दी और यहां ओवर रेट में शराब बेचने का मामला सामने आया. इस खबर के बाद कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शराब दुकान के सामने प्रदर्शन किया ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। कहा कि शराब दुकान में काम करने वाले धनपत ध्रुव के विरुद्ध शराब कोचियों को शराब की खेप देने की भी शिकायत मिलती थी।

## गहने चमकाने का झांसा देकर ढाई लाख का सोना ले भागे बदमाश

**राजनांदगांव, 28 जुलाई।** शहर सहित जिले में जालसाज घूम रहे हैं. बदमाशों द्वारा घर में अकेली पाकर महिलाओं से ठगी की जा रही है. ऐसा ही मामला डोंगरगांव से सामने आया है. दो जालसाज अकेली पाकर महिला के घर पहुंचे व जेवरात चमकाने का झांसा देकर महिला के ढाई लाख कीमत की सोने के कंगन व चूड़ी ले कर फरार हो गए हैं. पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत डोंगरगांव पुलिस से की है. पुलिस अज्ञात अपराधियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि 25 जुलाई को वह घर में अकेली थी. इस दौरान एक व्यक्ति आया और किसी कंपनी की तरफ से सोना चांदी चमकाने का पाउडर फ्री में देने प्रचार करने आने के हवाला दिया. इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने महिला से पाऊडर लेने की पेशकश किया, तो महिला ने मना कर दिया। इस दौरान आरोपी ने महिला से घर में रखे तांबा के लोटा को लाने को कहा और उसे उस पाऊडर से चमका दिया. फिर महिला के चांदी के पायल को भी साफ कर चमका कर दे दिया. इसके बाद आरोपी ने महिला के हाथ में पहने सोने के कंगन व चूड़ी को चमकाने का झांसा दिया.महिला ने चार नग सोने की चूड़ी व दो नग सोने के कंगन को निकाल कर दी. इस दौरान आरोपी ने महिला को पानी लेकर आने अंदर भेज दिया. महिला पानी लेकर आई तब आरोपी ने उस पानी में कुछ केमिकल पाउडर और हल्दी पाउडर और गेरूवा रंग का पाउडर डाला और उस डिब्बा के ढक्कन को बंद कर दिया।

## कुसुम सिन्हा को राष्ट्रपति से मिला प्रमाण पत्र

**दुर्ग, 28 जुलाई ।** दुर्ग नगर की प्रतिभावान बेटी कुसुम सिन्हा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लगन, मेहनत और मार्गदर्शन के साथ कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। देश के सर्वोच्च स्काउट-गाइड सम्मान 'राष्ट्रपति गाइड प्रमाणपत्र' को प्राप्त कर कुसुम ने न केवल अपने परिवार, विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का भी गौरव बढ़ाया।

दिनांक 22 जुलाई 2025, स्थान राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली – गोदावरी हॉल में आयोजित एक गरिमामय समारोह में माननीय महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा देशभर से चयनित सीमित स्काउट-गाइड प्रतिभाओं को राष्ट्रपति प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से चुनी गई केवल तीन प्रतिभाओं में से एक रहीं दुर्ग की कुसुम सिन्हा।गयानगर, वार्ड क्रमांक 10 निवासी कुसुम सिन्हा ने वर्ष 2018 में स्काउट गाइड के राष्ट्रपति अवॉर्ड के लिए आवेदन किया था। इसके बाद उन्होंने चरणबद्ध तरीके से सभी आवश्यक ट्रेनिंग, सामाजिक सेवा गतिविधियाँ, शिविर, प्रैक्टिकल परीक्षाएं, और मूल्यांकन सफलतापूर्वक पूरे किए। उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और सेवा भावना के चलते उन्हें यह गौरव प्राप्त हुआ।यह सम्मान उन प्रतिभागियों को प्रदान किया गया, जिन्होंने 2018, 2019, 2020 और 2021 के चार बैचों की संयुक्त राष्ट्रीय परीक्षा



में प्रथम स्थान प्राप्त की। इस परीक्षा में कुल 480 प्रतिभागियों ने उत्तीर्णता प्राप्त की, जिनमें से हर वर्ष की प्रत्येक श्रेणी (स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर) से एक-एक चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागी, कुल 16 श्रेष्ठ प्रतिभागियों को राष्ट्र स्तर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।कुसुम के पिता श्री रामखिलावन सिन्हा और माता श्रीमती देवकी सिन्हा ने हमेशा उन्हें प्रोत्साहित किया। उनके साथ-साथ शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दुर्ग की प्राचार्य डॉ. कृष्णा अग्रवाल और यूनिट लीडर श्रीमती देविका रानी वर्मा (सेवानिवृत्त शिक्षिका) ने उनके प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अभूतपूर्व सफलता पर दुर्ग नगर निगम की महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कुसुम सिन्हा के निवास पर पहुँचकर उन्हें शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उनके साथ एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर और पार्षद/एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन भी मौजूद रहीं।

कुसुम की यह उपलब्धि केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम की कहानी नहीं है, यह दुर्ग शहर की सामूहिक प्रेरणा और हमारी बेटियों की क्षमताओं का प्रमाण है। एक सामान्य परिवार से निकलकर, इतने कठिन प्रशिक्षण और चयन प्रक्रिया को पार करते हुए राष्ट्रपति से सम्मान प्राप्त करना अत्यंत गौरव की बात है। कुसुम ने यह साबित किया है कि यदि नीयत और मेहनत सच्ची हो तो सफलता निश्चित है। नगर निगम परिवार की ओर से मैं उन्हें ढेरों शुभकामनाएँ देती हूँ।

### नगर के लिए प्रेरणा बनीं कुसुम

कुसुम सिन्हा की यह उपलब्धि न केवल उनके समर्पण की मिसाल है, बल्कि शहर की अन्य बालिकाओं और युवाओं को प्रेरित करने वाला उदाहरण भी है। स्काउट गाइड जैसी रचनात्मक और सेवा-प्रधान गतिविधियों में भाग लेकर बच्चों को अनुशासन, नेतृत्व और सेवा का पाठ मिलता है.और कुसुम ने इस यात्रा को सफलता के चरम तक पहुँचाया।

## सांसद ने मिशन जल रक्षा के कार्यों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव, 28 जुलाई।** सांसद संतोष पाण्डेय ने मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम फरहद में जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर में सुधार लाने के लिए किए जा रहे पर्कोलेशन टैंक, इंजेक्शन वेल, हैंडपंप के साथ निर्मित रिचार्ज सॉफ्ट टैंक जैसी अन्य जल संरचनाओं का निरीक्षण किया. सांसद संतोष पाण्डेय ने भारी बारिश के बीच इन जल संरचनाओं की तकनीकी बिंदुओं, निर्माण की प्रक्रिया एवं स्थानीय उपयोगिता की विस्तृत जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों, तकनीकी कर्मियों एवं ग्रामीणों से संवाद कर जल संरक्षण को जन-आंदोलन के रूप में अपनाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और मिशन जल रक्षा के माध्यम से हम भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मजबूत नींव रख रहे हैं. यह प्रयास केवल संरचनात्मक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी एक माध्यम है, जिससे आने वाली पीढियां लाभान्वित होंगी. उन्होंने पर्कोलेशन टैंक में बनाए गए इंजेक्शन वेल की सराहना की और कहा कि बारिश का जल सीधे भू-जल स्तर तक पहुंचेगा. साथ ही हैंडपंप आधारित रिचार्ज सॉफ्ट निर्माण जल पुनर्भरण की दिशा में एक नवाचारपूर्ण पहल है।

## एक नजर

### श्री शिवमहापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक महोत्सव का शुभारंभ

**साल्हेवारा, 28 जुलाई।** ग्राम साल्हेवारा जिला खैरगढ़ छुईखदान गंडई में दिनांक 26 जुलाई से प्रारंभ हुआ श्री शिवमहापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक महोत्सव आध्यात्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ प्रारंभ हो चुका है। इस सात दिवसीय आयोजन में प्रातः 8 बजे से पार्थिव शिवलिंग अभिषेक एवं रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग का वैदिक अभिषेक विद्वान आचार्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हो रहा है। शिव महापुराण कथा पं. ध्रुव नारायण शुक्ला बेमेतरा आध्यात्मिक प्रवचन पं. मनहरण प्रसाद तिवारी जी, प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक। रामकथा वाचन प्रतिदिन शाम 4:00 से 6:00 बजे तक हो रहा है, जिसे श्रीराम कथावाचक पं. सूरज उपाध्याय जी सहसपुर । विश्राम दिवस पर सभी श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। आयोजन में वैदिक आचार्यगण पं. रविन्द्र तिवारी 'खारा', पं. शंकर पांडे, पं. दुर्गा प्रसाद तिवारी जी आदि की गरिमामयी उपस्थिति में अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। विशेष सहयोगी- श्री मनोज अग्रवाल,दशरथ पटेल (सरपंच साल्हेवारा) मोहित रजक, रविन्द्र शर्मा, नोहर सोनवानी, दिनेश अग्रवाल, महावीर मरकाम, प्रेम जँघेल, आशीष शर्मा, दिलीप शुक्ला, मोहन श्रीवास आदि ग्रामजन व भक्तगण के सहयोग से यह आयोजन दिव्यता को प्राप्त हो रहा है। आयोजक हरिहर समिति एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम साल्हेवारा।

### सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 28 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26.07.2025 को सायं क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 11 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 11 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।

### समाधान सेल ने शराब बेचते एक को किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 28 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 27.07.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लवन की पुलिस टीम द्वारा ग्राम अहिल्दा मेनरोड पुल के पास में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने के लिए ले जाते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?1400 कीमत मूल्य का 07 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- बुधेलाल रात्रे उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन।

### राजस्व मंत्री ने धमनी में हाई स्कूल भवन का किया लोकार्पण



**बलौदाबाजार, 28 जुलाई।** विकासखंड पलारी अंतर्गत वन ग्राम धमनी में नवनिर्मित हाई स्कूल भवन का राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने रविवार को फीता काटकर लोकार्पण किया। हाई स्कूल भवन का निर्माण लगभग 75 लाख 23 हजार रुपये की लागत से कराया गया है। इसके पूर्व राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने हाई स्कूल मैदान समतली करण एवं बाउंड्रीवाल के लिए 10-10 लाख रुपये देने एवं जोराडबरी मार्ग में पुलिया निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि भले ही धमनी ग्राम दूरस्थ क्षेत्र में बसा है लेकिन यहां के लोगों में भाईचारा व एकजुटता सरहानीय है। नशामुक्ति के लिए महिला कमांडो भी सक्रिय है।

# सुनना ही हमारे सुधरने का द्वार : मनीष सागरजी महाराज

## अपनी गलती को सुनना भी बड़ी उपलब्धि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 28 जुलाई।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में रविवार को विशेष प्रचवनमाला में परम पूज्य उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि अपने इगो को हटाना होगा। आप जब सुनना शुरू कर दोगे तभी सुधार होगा। सुनना ही हमारे सुधरने का द्वार है। कोई आपकी गलती बताएं तो उसे सुनकर उसका विश्लेषण करें और सुधार करें। ऐसा करने वाला व्यक्ति जीवन में आगे बढ़ सकता है। इगो एक पहाड़ के समान होता है इगो को ध्वस्त करना पड़ेगा। उम्र के साथ परिपक्वता बढ़े, गंभीरता बढ़े, पद बढ़े, प्रतिष्ठा बढ़े लेकिन इगो को घटाना होगा। जीवन में आप आगे बढ़ो लेकिन इगो को घटाते जाओ।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि व्यक्तित्व ऐसा बनाओ कि घर में हर छोटे और बड़े अपनी बात बगैर किसी घबराहट के आपसे खुलकर कह सकें। सुखी होने का फार्मूला यही है। कोई भी आपसे कहे तो आप सुन सको। घर वालों से पूछो कि मेरे को क्या सुधार करना चाहिए। यदि वे नहीं बोल सके तो बोलने लायक बनाना पड़ेगा। अपनी गलती को दिमाग में रखकर सुधारने का अभ्यास करें। हो सकता है फिर भी गलती होगी लेकिन आत्मविश्वास मजबूत रखें। आत्मविश्वास खोकर सुधार संभव नहीं है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कोई भी इस संसार में पूर्ण नहीं है। यदि मेरी अपूर्णता किसी ने बताई है तो मानो यह अच्छी बात है और सामने वाले ने आपको वह ध्यान दिया है और इस पर सुधार का कार्य करें। सुनना बहुत जरूरी है। सही सुनना, सुधार की बात को सुनना, अपनी बात को सुनना ये भी बड़ी उपलब्धि है। किसी की गलती देखें तो तुरंत ना टोके। उचित समय,उचित स्थान को देखकर धैर्य पूर्वक समझाएं। अपमान करने की भावना से किसी की गलती ना बताएं।जीवन की पहली पाठशाला, समाज की सबसे छोटी इकाई और हमारी सबसे छोटी दुनिया परिवार है। इस पाठशाला की परीक्षा में हमें उत्तीर्ण होने का पुरुषार्थ करना है। आज सभी जीवन की पहली पाठशाला में फेल हो जाते हैं। इस कारण ही परिवार में कलह, क्लेश और अशांति होती है और परिवार बिखर जाते हैं।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले खुद में सुधार की आवश्यकता है। सब सुधरेंगे तब मैं सुधारूंगा यह मानते रहेंगे तो कुछ नहीं होगा। सब व्यक्ति यह ठान लें कि अपनी जगह पर सही जीवन जीने का प्रयास करूंगा तो परिवार, फिर समाज, फिर राष्ट्र और फिर विश्व ऊपर उठेगा। भगवान महावीर के सिद्धांत विश्व के लिए उपयोगी है। व्रतमय सात्विक जीवन यह विश्व अपना ले तो विश्व में शांति स्थापित होगी।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हम कैसे परिवार में जिए कि परिवार में हम तीन उद्देश्यों को प्राप्त कर सकें, यह हमेशा ध्यान रहना चाहिए। पहला उद्देश्य है परिवार में शांति स्थापित करने के निमित्त बने। कभी भी परिवार में अशांति स्थापित न करें।

# सहकारी समितियों के निर्वाचन के संबंध में कार्यशाला का हुआ आयोजन



**जशपुरनगर, 28 जुलाई।** वर्ष 2025 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत शासन के निर्देशानुसार सहकारिता विभाग द्वारा पंजीकृत कार्यशील समितियों में से चिन्हांकित 40 सहकारी समितियों में जाकर निर्वाचन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन 23 से 27 जुलाई तक किया गया। जिसमें शासन द्वारा जारी कैलेंडर अनुसार सभी 40 सहकारी समितियों में कार्यशाला द्वारा बोर्ड के निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें निर्वाचन के महत्व को बताया गया। इसके साथ ही समय सीमा में कराने हेतु जागरूक किया गया। कार्यशाला में समिति के सदस्यों से निर्वाचन के प्रक्रिया के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उक्त कार्यशाला में सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सहकारी समितियों सदस्य भी उपस्थित रहे।

# शासकीय काम में बाधा पहुंचाने वाला सरपंच साथियों के साथ भेजा गया जेल



**तिल्दा-नेवरा, 28 जुलाई।** शासकीय काम में बाधा पहुंचाने वाला सुंगेरा का सरपंच तारणदास साहू अपने साथियों के साथ भेजा गया जेल। थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सुंगेरा में महेन्द्रा स्पंज के द्वारा लखना एनिकट जो खारून नदी पर है पाईप लाईन बिछाने का कार्य चलने से ड्युटी पर तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों एवं कार्य कर रहे कर्मचारियों को पाईप लाईन नही बिछाने देंगे कहकर जनवरी 2024 में सुंगेरा के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा मारपीट किये जाने से सरपंच एवं अन्य के विरूद्ध अपराध क्रमांक 346/2024 धारा 342, 294, 323, 506, 186, 332, 353, 147, 148 भादवि. कायम किया गया था। लंबे समय से फरार चल रहे सुंगेरा गांव के सरपंच तारणदास साहू पिता स्व. टीकाराम साहू एवं ताकेश्वर उर्फ तारकेश्वर साहू पिता परस राम साहू और बिसंभर यादव पिता स्व. लतेल यादव (तीनों) को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# शराब तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई

**राजनादगांव, 28 जुलाई।** मुखबीर से सूचना मिला कि सीमा पार राज्य् महाराष्ट्र की ओर से चार पहिया वाहन में अधिक मात्रा में शराब का परिवहन किया जा रहा है कि सूचना पर रवाना होकर पुलिस टीम का नेतृत्व करते हुये ग्राम कुहीकला के गढ डोंगरीपहाड़ी के पास रोड में नाकाबंदी कर वाहन तलाशी लिया जा रहा था कि एक चार पहिया वाहन कार मारुती सूजुकी एक्स प्रेसों को रोककर चेक



किया गया , जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे जिन्हे विधिवत कार्यवाही करते हुये वाहन की तलाशी ली गयी जिसमें आरोपियों के कब्जे से 35 पेटी गोवा मध्यप्रदेश निमिर्त शराब कुल 420 बॉटल (750) एवं 2 पेटी मेक डावेल्सद नंबर -01 शराब 24 नग बॉटल , कुल मात्रा 333.000 बल्क लीटर जुमला कीमती 2,42,640/- रूपये एवं एक नग वाहन मारुती सुजुकी एक्सप्रेसों कीमती करीबन 2,50,000/- रूपये , कुल जुमला कीमती 492640/- रूपये को अपराध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जप्त0 कर आरोपियों को गिर0 कर ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया हैं । उक्त रेड कार्यवाही में थाना गैंदाटोला पुलिस टीम निरी0 उमेश बघेल , सउनि मेघनाथ सिन्हाव , प्र0आर0 क्र0 709 मुरारी लाल पटेल,आर0 1213 मोहित साहू , आर0 1990 नरेश प्रधान , आर0 845 टीकाराम ध्रुव , आर0 1507 राकेश साहू , की विशेष भुमिका रही हैं ।

# जशपुर में जिला स्तरीय कौशल तिहार का आयोजन



**जशपुरनगर, 28 जुलाई।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर में जिला स्तरीय कौशल तिहार का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर खास तौर पर इलेक्ट्रिशियन इंस्टॉलेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लाइवलीहुड कॉलेज के प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित सात लाभार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई थी। पहली श्रेणी 22 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागियों के लिए थी, जबकि दूसरी श्रेणी में 22 से 45 वर्ष के बीच के लाभार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में जिला परियोजना लाइवलीहुड के प्रशिक्षक, कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक और आईटीआई आरा के प्राचार्य शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के कौशल का बारीकी से मूल्यांकन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित करना और उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना था।

# श्रवण यंत्र मिलने से कली राम के जीवन में आई नई उम्मीदें

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 28 जुलाई।** जिले के सिमगा विकासखंड के ग्राम भैंसा निवासी कली राम साहू के जीवन में एक नई रोशनी तब आई, जब उन्हें समाज कल्याण विभाग की ओर से श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के हाथों यह यंत्र पाकर कली राम साहू भावुक हो उठे। वर्षों से सुनने में असमर्थ रहे कली राम अब लोगों की बातें स्पष्ट रूप से सुन पा रहे हैं। कली राम ने बताया कि पहले उन्हें दूसरों की बातें समझने में काफी कठिनाई होती थी, जिससे सामाजिक जीवन भी प्रभावित हो रहा था। लेकिन अब श्रवण यंत्र मिलने के बाद वे आत्मविश्वास से भर गए हैं और पहले की तरह सामान्य बातचीत कर पा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन के प्रति गहरी कृतज्ञता प्रकट की है। उनका कहना है कि यह सहायता केवल एक यंत्र नहीं बल्कि उनके जीवन में जुड़ी एक नई आशा है।

# कुंआ निर्माण कर कार्तिक राम ने बढ़ाई सिंचाई सुविधा



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 28 जुलाई।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत कसियारा के किसान कार्तिक राम पटेल के खेत में कुएं का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। सिंचाई सुविधा का विस्तार होने से किसान कार्तिक राम अब सब्जी की खेती करके अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। कसियारा ग्राम से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित खेतों में सिंचाई के लिए जल स्त्रोत की कमी के कारण कार्तिक राम पटेल को खेती में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत में आवेदन किया जिसे स्वीकृत कर तकनीकी परीक्षण एवं डिज़ाइन के अनुसार कुएं का निर्माण कराया गया। कुएं के निर्माण से अब वर्ष भर सिंचाई की सुविधा प्राप्त हो रही है, जिससे उनकी खेती की उत्पादकता में वृद्धि हुई है और आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। अब वह खरीफऔर रबी फसलों के साथ-साथ टमाटर, भिंडी, लौकी, कद्दू, मिर्ची जैसी विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती भी कर रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है। कार्य के क्रियान्वयन से पहले तकनीकी टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक स्वीकृतियां ली गईं। पंचायत के माध्यम से निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया गया, जिससे कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकी। किसान कार्तिक राम पटेल ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, इस कुएं के निर्माण से मुझे बहुत राहत मिली है। अब मेरी फसलें सूखे से प्रभावित नहीं होतीं और मैं साल भर खेती कर पा रहा हूँ।

# आबकारी आरक्षक भर्ती : अपर कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



**राजनांदगांव 28 जुलाई 2025।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकंडेय ने आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिले में आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले 11227 परीक्षार्थी के लिए कुल 34 परीक्षा केन्द्रों बनाए गए थे। अपर कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा संचालन के संबंध में आवश्यक जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा के संबंध में व्यापम द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज मरकाम, एसडीओपी श्री दिलीप कुमार सिसोदिया उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। जिन्हें कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया था। व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम ढाई घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचने कहा गया था, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात सुबह 10.30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल हुए। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करने कहा गया था।

# बाढ़ में फंसे परिवार का पुलिस ने किया रेस्क्यू

## पांच लोगों को सही-सलामत निकाला



**राजनांदगांव 28 जुलाई ।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों के प्रभारियों को बारिश के दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने और वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिये थे।

दिनांक 26.7.2025 के सुबह 04:00 बजे ग्राम घोटिया के सरपंच मोबाइल से सूचना दिया कि ग्राम घोटिया में रात्रि में तेज बारिश होने से घोटिया नाला में बहुत ज्यादा बाढ़ की स्थिति होने से गांव के 12-15 घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है तथा एक घर बाढ़ में बह जाने से उनके परिवार के पांच लोग नाला के बीच में ट्रैक्टर के इंजन में बैठकर सहारा लिए हुए हैं जिसकी बचाव दल की आवश्यकता है सूचना मिलने पर पुलिस चौकी मोहारा प्रभारी श्री ढाल सिंह साहू के नेतृत्व में के हमराह बचाव दल ग्राम घोटिया पहुंचकर बाढ़ की हालत को आकंलन कर ग्रामीण के घरों से रस्सी, बांस की लकडी लेकर नाले के तेज बहाव के मध्य से गुजर कर बाढ मे फंसे हुए लोगों के बीच पहुंच कर नाले के तेज बहाव के कारण घर के बह जाने से नीचे दबे हुए चार जिन्दा, दो मृत मवेशियों को निकाल कर बाढ़ में फंसे राधेलाल नेताम और उनके परिवार के पांच सदस्यों तथा जीवित मवेशियों को रेस्क्यू करके बाहर निकाल कर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया।

इसी प्रकार थाना लालबाग पुलिस द्वारा ग्राम बाकल मे एक घर के तीन सदस्यों द्वारा भानपुरी नदी में फंसा हुआ था जिसे एसडीआरएफ टीम के सहयोग से सही सलामत बाहर निकल गया साथ ही थाना सोमनी क्षेत्र के ग्राम धीरी में कृषि कार्य के लिए गए युवक शिवनाथ नदी के बहाव मे फंसा था जिसे सोमनी पुलिस द्वारा सुरक्षित निकाला गया। राजनांदगांव पुलिस की अपील है कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुये नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में जाकर विडियों या रील बनाने से बचे तथा रील बनाने के चक्कर में अपने जिंदगी को जोखिम में न डाले।

# बिहान योजना से ग्रामीण महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर : वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 28 जुलाई।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी आज खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बापूटोला में बिहान समूह की दीदीयो द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन आमसभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। साथ ही इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा व जिला पंचायत राजनांदगांव सभापति अनीता मंडावी व जनपद पंचायत सदस्य रेखा गंधर्व भी मुख्य रूप उपस्थित थे..! कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चैल चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिहान समूह की शुरुआत 2011 में हुई थी। बिहान का यह स्वरूप तत्कालीन मुख्यमंत्री आदरणीय डा रमन सिंह जी की देन है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है। जिसमें राज्य आजीविका मिशन के तहत समूहों को कम से कम ब्याज पर लोन उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना चाहते हैं। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में बिहान के माध्यम से समूह की बहनों को कम ब्याज में लोन देकर सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज गां?व की महिलाएं अगरबत्ती, मोमबत्ती, मिर्च-मसाले, आइस्क्रीम, जूस, दोना पत्तल, गौठान में खाद बनाना जैसे अनेक कार्य कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। हमारी सरकार निरंतर महिलाओ को आगे बढ़ाने का निरंतर कार्य करती है।आज गांव की महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर हो रही है। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की बिहान योजना के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास हो रहे हैं। हमारे राजनांदगांव जिले की महिलाएं अब न केवल अपने परिवार का सहारा बन रही हैं, बल्कि समाज में प्रेरणा स्त्रोत के रूप में उभर रही हैं।बिहान योजना के अंतर्गत स्वरोजगार और सामूहिक उद्यमिता के ज़रिए महिलाएं अब केवल समूह की सदस्य नहीं, बल्कि अपने गांव की आर्थिक विकास की वाहक बन रही हैं। राजनांदगांव जिले व खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की यह कहानी न केवल बदलाव का प्रतीक है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा है। साथ ही उक्त कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा व जिला पंचायत सभापति अनीता मंडावी व जनपद सदस्य रेखा गंधर्व ने भी संबोधित करते हुए बिहान योजना ने बदलती महिलाओं की तकदीर के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

# जीवन में सफल वही होता है जो कभी हार नहीं मानता : डॉ. दवे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

## अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के शाला प्रवेश उत्सव



**रायपुर, 28 जुलाई।** राजधानी के ख्यातिलब्ध शल्य चिकित्सक और रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे उस समय मूक-बधिर दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और उनके कौशल उन्नयन की दिशा में सतत कर्मरत राजधानी के बजाज कॉलोनी (न्यू राजेंद्रनगर) स्थित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के प्रयासों से अभिभूत हो गए जब वह इस विद्यालय के शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए। विद्यालय की कार्यशैली और उद्देश्यों से अभिभूत डॉ. दवे ने कहा कि देवतुल्य इन बच्चों की किसी प्रकार की मदद करने का अवसर मिला तो वह अपने आपको सौभाग्यशाली मानेंगे। शल्य चिकित्सक डॉ. दवे ने कहा कि इन बच्चों को देखकर यह विश्वास दृढ़ होता है कि जीवन में सफल वही होता है जो कभी हार नहीं मानता। अर्पण दिव्यांग पब्लिक में मूक-बधिर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा सुविधा के साथ-साथ अलग-अलग विधा में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने का जो कार्य किया जा रहा है, वह अनुकरणीय है। इन बच्चों से मिलकर महसूस हुआ कि परिस्थिति कितनी भी विपरीत क्यों न हो, लक्ष्य हासिल करने की ठान लें तो उसे प्राप्त किया जा सकता है।

समारोह के दौरान पूर्व महापौर प्रमोद प्रमोद दुबे ने कहा कि मूक-बधिर बच्चों को शिक्षित और स्वावलंबी बनाने का कार्य हम लोग निरंतर कर रहे हैं। मूक-बधिर बच्चों को स्कूली शिक्षा तो मिल जाती है पर उच्च शिक्षा की व्यवस्था प्रदेश में नहीं है। श्री दुबे ने कहा कि डॉ. दवे और समाज के ख्यातिप्राप्त लोगों की अगर मदद मिले तो इस दिशा में पहल की जा सकती है।

समारोह के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हरसंभव फाउंडेशन और इनर व्हील के पदाधिकारियों को शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## संपादकीय

# रिश्ता तोड़ने आमादा दंपति

सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसले में कहा है कि पति-पत्नी का एक-दूसरे पर नजर रखना इसका सबूत है कि उनकी शादी मजबूत नहीं चल रही है। इसलिए इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है। पीठ ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। जिसमें कहा है, दंपति के दरम्यान गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के तहत संरक्षित है, इसका प्रयोग न्यायिक कार्रवाई में नहीं किया जा सकता। पीठ ने निचली अदालत के आदेश को बहाल रखते हुए कहा, वैवाहिक कार्यवाही के दौरान रिकॉर्ड की गई बातचीत को संज्ञान लिया जा सकता है। यह मामला बठिंडा की कुटुंब अदालत के फैसले पर आधारित है, जिसमें पति को फोन कॉल वाली सीडी का सहारा लेने की अनुमति दी गई थी। पत्नी ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। उसका तर्क था कि यह रिकॉर्डिंग उसकी सहमति या जानकारी के बगैर थी, जो निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। अदालत द्वारा इसे कानूनी रूप से अनुचित भी ठहराया गया। मगर सबसे बड़ी अदालत ने माना कि जब विवाह ऐसे स्तर पा पहुंच गया है, जहां दंपति एक-दूसरे की सक्रियता पर नजर रख रहे हों। यह अपने-आपमें रिश्ता तोडऩे का लक्षण है। हालांकि पीठ ने स्वीकारा कि इस तरह के साक्ष्यों को अनुमति देने से घरेलू सौहार्द व वैवाहिक संबंध खतरे में पड़ सकता है। देश में तलाक बेहद जटिल प्रक्रिया है। न्यायिक झंझटों, आरोपों-प्रत्यारोंपो, साक्ष्यों सरीखी दिक्कतों के चलते कई दफा दंपति आपसी सहमति से अलग तो जाते हैं मगर तलाक नहीं लेते। हालांकि सच तो यह भी है कि अभी भी अपने समाज में न्यूनतम संबंध विच्छेद होते हैं। जो धीरे-धीरे बढ़ते जा रहे हैं। अंतिम प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में केवल चौदह लाख लोग तलाकशुदा है। यहां बुरी से बुरी शादी भी सामाजिक/पारिवारिक दबाव में चलाई जाती रहती है। बेहद नाजुक संबंध होने के बावजूद विवाह परिवार का मुख्य केंद्र है। मगर वैवाहिक जीवन में दरारें, मन-मुटाव, संदेह, छल या विवाहेतर संबंधों की अनदेखी कई बार मुश्किल हो जाती है।तलाक के निमयों को काफी आसान बनाए जाने के बावजूद अड़चने कम नहीं की जा सकीं हैं। रिश्ता तोडऩे को आमादा दंपति को बेशक एक मौका देना चाहिए।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप अपने कामों को संयम से निपटाने की पूरी कोशिश करें। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। जिस कारण आपका खर्चा बढ़ सकता है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है, जिसको लेकर भागदौड़ लगी रहेगी। आपको अपनी किसी शारीरिक समस्या को लेकर कुछ टेस्ट आदि भी कराने पड़ सकते हैं। आपके मन में कुछ नया करने को लेकर उथल-पुथल बनी रहेगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपको बिजनेस में कुछ चुनौतियां आएंगी, लेकिन आप उनका डटकर सामना करेंगे और आप अपने जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। कामकाज को लेकर आप कोई नई प्लानिंग करेंगे। आप अपने किसी सहयोगी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। आपको अपनी संतान के संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको मिल सकता है। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं, जिससे आपका मान सम्मान और बढ़ेगा। आपको अपनी माताजी से किए हुए वादे को समय रहते पूरा करना होगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति यदि आपसे धन उधार मांगे, तो आप उसे बिल्कुल ना दें। जिससे आपके आपसी रिश्ते में गड़बड़ी हो सकती है। आप शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आ रहा है। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपको अपने किसी कानूनी मामले को लेकर अधिकारियों से मदद लेनी पड़ सकती हैं। यदि आपको किसी काम को लेकर कुछ टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपका कोई नया वाहन खरीदने का सपना था, तो वह भी पूरा होगा। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधाओं को भी दूर करना होगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। आपको किसी के साथ पार्टनरशिप करने से नुकसान होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कोई चुगली लगा सकता है। आप अपने माता-पिता को किसी यात्रा पर लेकर जा सकते हैं। संतान की संगति की ओर आपको विशेष ध्यान देना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में कुछ समस्याएं खड़ी होगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आज आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे। आपका कोई महत्वपूर्ण काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके अपने चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपकी कोई बात परिवार में किसी सदस्य को बुरी लग सकती है। आपको अपने किसी शारीरिक समस्या को छोटा नहीं समझना है, नहीं तो आने वाले समय में बढ़ सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी।

**तुला** आज का दिन आपके लिए खर्चा भरा रहने वाला है। सामाजिक और राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को जन समर्थन में इजाफा होगा। आप बेफिजूल के खर्चों को करके अपनी सेविंग को कम करेंगे। आपको अपने पिताजी से भी डांट खानी पड़ सकती है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें। आप कहीं घूमने-फिरने जाएं, तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। जीवनसाथी के साथ आपको धैर्य और संयम से बनाए रखने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको इसके बाद खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आप अपने किसी परिजन को घर मेल-मिलाप कराने जा सकते हैं। आपको एक साथ कई काम हाथ लगेंगे, जिससे आपकी बेवजह की टेंशन बढ़ेंगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ रोमांटिक पल व्यतीत करेंगे। आप अपने विरोधियों को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे। आप अपने बिजनेस को लेकर कुछ योजना बनाने की पूरे कोशिश करेंगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप अपने घर पर कामों में कोई बदलाव कर सकते हैं। आपको काम को लेकर मेहनत अधिक करनी होगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। यदि आप नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं, तो फिलहाल कुछ समय रुक जाएं। आपकी अपने भाई-बहनों से खटपट हो सकती हैं। आपको किसी वाद-विवाद को ध्यान रहकर सुलझाने की आवश्यकता है। आपको अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखना होगा। माताजी आपको यदि कोई सलाह दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में कमजोर रहने वाला है। आप अत्यधिक तले भूने भोजन से परहेज रखें। परिवार में किसी सदस्य को कहीं बाहर नौकरी मिलने में जाना होगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपकी कुछ मौसमी बीमारियां उभर सकती हैं। आप अपने बिजनेस में किसी के साथ पार्टनरशिप ना करें। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें वाहनों का प्रयोग आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए कठिनाईयों से भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। यदि आपने किसी लोन के लिए कोई अप्लाई किया था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है। आप अपनी सोच में सकारात्मकता बनाए रखें। पारिवारिक रिश्तों में टेंशन रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको संतान के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

## नागपंचमी

# पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी हैं सर्प

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**



भारतवर्ष एक ऐसा देश है जो दुनिया को यह संदेश देता नजर आता है कि प्रत्येक प्राणी ईश्वर की रचना है और उसकी सुरक्षा का दायित्व मानवीय समाज पर है ।भारतीय संस्कृति और हिन्दू शास्त्रों में नाम से कंपा देने वाले जहरीले सर्प नाग की पूजा का प्रावधान बताया गया है । इतना ही नहीं बैलों की पूजा का पर्व पोला और गायों की पूजा का पर्व गोवर्धन पूजा हम सभी के लिए उत्सवी आनंद लेकर आता रहा है । सांपों की रक्षा को लेकर भारतवर्ष ही नहीं संपूर्ण विश्व चिंतित नजर आता है । यही कारण है कि प्रतिवर्ष 16 जुलाई के दिन विश्व सर्प दिवस मनाया जाता है । सांपों की दुनिया भी कोई सीमित दुनिया नहीं है । प्राणी विज्ञान के जानकारों की मानें तो सांपों की लगभग 3000 प्रजातियां पाई जाती हैं । विश्व सर्प दिवस अथवा नागपंचमी का पर्व पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने और सांपों के संरक्षण प्रयासों को बल प्रदान करने में अहम भूमिका का निर्वहन करता है । हिंदू धर्म में नाग को भोले शंकर के गले का हार बताया गया है । अतः उसे नुकसान पहुंचाने से पूर्व धर्मावलंबी एक नहीं सौ बार विचार करते हैं । हाल के वर्षों में सांप बचाओ और पुनर्वास जैसी पहलों ने सांपों की जान बचाने और पारिस्थितिकी तंत्र में उनके महत्व की सकारात्मक चर्चा की है । विगत कुछ वर्षों में प्रकृति से प्रेम करने वालों , शैक्षणिक संस्थानों तथा गैर सरकारी संगठनों ने वन्य जीव विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कार्यशालाओं का आयोजन कर सरीसृपों की रक्षा का संकल्प आमजनों को दिलाया है । भारतीय संस्कृति में कोबरा को नागों का राजा माना जाता है । ऐसी भी किवदंती है कि कोबरा के पास अविश्वसनीय शक्तियां होती हैं । हिंदू धर्मग्रंथों में आई पौराणिक कथाओं में नाग को प्रायः आधा मानव और आधा सर्प के रूप में वर्णित किया गया है ! हिंदू धर्म के बड़े देव भगवान शिव शंकर को गले में सांप के साथ चित्रित किया जाता है । ऐसा माना जाता है कि यह मृत्यु और पुनर्जन्म पर भगवान शिव की शक्ति का प्रतीक है । यही जहरीले सांप कई दवाइयों के स्त्रोत भी कहे जाते हैं । सांप के डसने के बाद एकमात्र सिद्ध और प्रभावी उपचार , सांप विरोधी विष भी हमें सांप के जहर से ही प्राप्त होता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि सांप का जहर घोड़ों और भेड़ों में भी इजेक्ट किया जाता है । मनुष्य को जहर से बचाने के लिए एंटीबॉडी वाले जानवरों के प्लाज्मा को एकत्र कर जीवन रक्षक , सांप विरोधी विष बनाने के लिए प्रयोगों द्वारा शुद्ध किया जाता है । जहरीले सांप अथवा ऐसे सांप जिनमें विष नहीं है , रोगों की रोकथाम में भी सराहनीय योगदान करते हैं । कृषकों को भी सांप लाभ पहुंचाते हैं । इसी कारण सांपों को किसानों का मित्र कहा जाता है । कतरने वाले प्राणियों जैसे चूहे आदि को खाकर सांप उनकी आबादी को नियंत्रण में रखने में अपना योगदान करते हैं । बारिश शुरू होते ही घरों में सांप और बिच्छू जैसे विषैले जंतुओं का आना आम घटना बन जाती है । मनुष्य जब किसी सर्प को देखता है तो सबसे पहली प्रतिक्रिया उसे मार देने के रूप में सामने आती है । मनुष्य चाहे तो थोड़ी सी समझदारी के साथ सांपों से बच सकता है । हमारे देश में पाए जाने वाली सांपों की प्रजातियों में महज 20 प्रतिशत ही विषैले होते हैं , जिनके डसने से मौत हो जाती है । शेष 80 प्रतिशत सर्पों में विष नहीं होता है । इंसान केवल भय से ही प्राण त्याग देता है । विशेषज्ञ कहते हैं कि सांपों का संरक्षण जरूरी है । कारण यह कि वे प्रकृति के भोजन चक्र का अहम हिस्सा हैं । पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में सर्प महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।



भारतवर्ष एक कृषि प्रधान देश है । किसान की फसल का लगभग पांचवां हिस्सा चूहों के द्वारा चट कर दिया जाता है ! यही सर्प इन चूहों का भक्षण कर किसान की आर्थिक रूप से मदद करते हैं । यदि सांप हमारे घरों में घुस आए तो हमारा मन व्याकुल हो उठता है । जब तक उसे बाहर न निकाल दिया जाए , हम लोगों की सांसे रुकी रहती हैं । ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर डरने के स्थान पर हमें घर में मिट्टी तेल अथवा फिनायल का छिड़काव तुरंत कर देना चाहिए । इनकी गंध से सर्प बाहर निकलने के लिए तड़प उठता है । हम मानव जाति के लोग अपने भरण - पोषण के लिए विभिन्न फसलों , फलों और सब्जियों की खेती करते हैं । क्या आप यह कल्पना कर सकते हैं कि सांपों की भी खेती की जाती है ! जी ! हां ! आपको जानकर आश्चर्य होगा कि एक ऐसा देश भी है जो सांपों की खेती करता है ! चीन का एक गांव जिसे " जिसिकियाओ " के नाम से जाना जाता है , वहां के निवासी सांपों की खेती करते हैं ! यह और ज्यादा हैरानी वाली बात है कि जिसिकियाओ गांव का हर दूसरा व्यक्ति सांप की खेती में व्यस्त है । पाले जाने वाले सांपों में किंग कोबरा , अजगर और जहरीले वाइपर समेत कई विषधर शामिल बताए जाते हैं । इस तरह की खेती सांपों के मांस , शरीर के अन्य अंगों और जहर एकत्र करने के लिए की जाती है । चीन के लोग शौक से सांपों को अपने भोजन में भी शामिल करते हैं ! इसके अलावा विष को इकट्ठा कर दवाई बनाने का कार्य भी करते हैं । मीडिया रिपोट्र्स की मानें तो लकड़ी और शीशे के बक्सों में सांप पाले जाते हैं । जब सांप के बच्चे अंडों से निकलकर बड़े हो जाते हैं तो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह पर स्थानांतरित कर दिया जाता है । हमारे देश में प्राचीनकाल से सांपों की पूजा होती रही है । इस माह भी 29 जुलाई को नागपंचमी का पर्व उल्लास के साथ मनाया जाएगा । सपेरों द्वारा नागों के पिटारे घर - घर पहुंचाकर धन जुटाने का काम भी किया जाता है । इन सर्पों की पूजा कर महिलाएं दूध आदि सपेरों को दान करती हैं । लिहाजा यह कहा जा सकता है कि भारतवंशियों के लिए सर्प दिवस भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है । नागपंचमी का पर्व सांपों के महत्व के विषय में जागरूक करने वाला पर्व कहा जा सकता है । सांपों की विलुप्त होती प्रजातियों का संरक्षण भी इस पर्व का मकसद है । भारतवर्ष में मनाया जाने वाला नागपंचमी का पर्व सांपों के प्रति गलत धारणाओं को दूर करने का सबसे अच्छा दिन माना जा सकता है । हमारी संस्कृति ने भी हमें यही सिखाया है कि प्राणी मात्र का जीवन उसके तथा परिवार के लिए जरूरी है । नागों अथवा किसी भी प्रजाति के सांप को देखने के बाद उसके प्राण लेने वाली सोच का हमें सर्वथा त्याग करना होगा । जिस तरह हम सर्पों से भय खाते हैं ठीक उसी तरह सर्प भी हमसे डरा करते हैं । यदि हम उन्हें नहीं छेड़ेंगे तो वे भी हमसे दूर ही रहेंगे ।

# अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति की दिशा में मध्य एशिया

**तनवीर जाफ़री**

इस्राईल को लंबे समय से मिल रहे अमेरिकी संरक्षण से वैसे तो पूरी दुनिया भली भांति वाक़िफ़ है। परन्तु अब इस अमेरिकी संरक्षण के चलते इस्राईल ख़ासतौर से ग़ज़ा में जिसतरह मानवता की लगातार बर्बर हत्या करता जा रहा है उसे देखकर दुनिया के अधिकांश देश न केवल इस्राईल के ख़िलाफ़ होते जा रहे हैं बल्कि उन्हें इस्राईल को दिया जाने वाला अमेरिकी संरक्षण भी अब रास नहीं आ रहा है। वास्तव में शांतिप्रिय मध्य एशिया में तबाही,बर्बादी व अशांति की इबारत लिखने वाला अमेरिकी संरक्षित इस्राईल ही है। 7 अक्टूबर 2023 को जब से दक्षिणी इस्राइल पर हमास द्वारा हमले किये गये और 251 लोगों को बंधक बनाया गया उसके बाद इस्राईली सेना (आईडीएफ़ ) ने हमास की आतंकी कार्रवाई के जवाब में जिस तरह ग़ज़ा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू की और आज तक जारी है उसने इस्राईल व अमेरिका के अमानवीय चेहरे को पूरी तरह उजागर कर दिया है। ग़ज़ा में बर्बरता और अत्याचार की हर सीमाओं को इस्राईल पार कर चुका है। रिहाइशी बस्तियों अस्पतालों स्कूलों शरणार्थी कैंपों धर्मस्थलों आदि को खंडहर बनाने के बाद अब भूखे निहत्थों को मार रहा है। ख़बर है कि ग़ज़ा में ग़ज़ा ह्यूमनटेरियन फ़ाउंडेशन (जीएचएफ़) की ओर से बांटा जा रहा खाना बहुत कम लोगों तक पहुंचने के कारण वहां भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। कई बार ऐसी अमानवीय घटना भी घटी कि जब जीएचएफ़ के भोजन वितरण केंद्र पर मदद लेने के लिए भूख से तड़पते बच्चे व महिलायें भोजन की ख़ातिर आकर लाइन में लगे उसी समय उन पर इसराइली सुरक्षा बलों ने गोलियां चला दीं जिससे दर्जनों लोग मरे गये। कई बार इस्राईली सुरक्षा बलों द्वारा भूखे शरणार्थियों को खाना देने के लिये बुलाया गया,बाद में लाइन में खड़े होने के बाद उनपर गोलीबारी कर अनेक लोगों की हत्या कर दी गई । संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार पिछले दो महीनों में भोजन हासिल करने की कोशिश कर रहे एक हज़ार से अधिक फ़िलस्तीनी, इस्राईली हमलों में मारे जा चुके हैं। इनमें से कम से कम 766 लोगों की मौत उन चार वितरण केंद्रों के आसपास हुई है, जिन्हें जीएचएफ़ संचालित करता है। इसके अलावा 288 लोगों की मौत संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता केंद्रों के पास हुई है। सौ से अधिक सहायता संगठनों और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि ग़ज़ा में बड़े पैमाने पर मानव जनित भुखमरी फैल रही है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने इन हालात के लिए इस्राईल को ज़िम्मेदार ठहराया है क्योंकि वही फ़िलस्तीनी क्षेत्रों में भेजी जाने वाली सप्लाई को नियंत्रित करता है। आम लोग ही नहीं बल्कि ग़ज़ा में युद्ध की रिपोर्टिंग करने वाले अनेक स्थानीय व विदेशी पत्रकार व उनका परिवार भी भुखमरी का सामना करने को मजबूर है। कुछ पत्रकार तो इस हद तक असहाय हो चुके हैं कि वे अपने मासूम असहाय बच्चों व




परिवार के लिए भोजन तक नहीं जुटा पा रहे हैं। ग़ज़ा में काम करने वाले कुछ पत्रकार तो अपनी जान की बाज़ी लगाकर लाइनों में लगकर चैरिटी किचन से खाना ले रहे हैं। उनके बच्चे दिन में सिर्फ़ एक बार दाल, चावल या पास्ता खा कर गुज़ारा करने को मजबूर हैं। कुछ पत्रकारों ने तो यहाँ तक बताया कि उन्होंने भूख दबाने के लिए नमक मिला पानी पीना शुरू कर दिया है। ज़रा सोचिये जिन पत्रकारों की बदौलत दुनिया को इस्राईली सेना के ज़ुल्म और ग़ज़ा के लोगों की बेबसी व बर्बादी की ख़बर सुनाई व दिखाई देती थी अगर वही पत्रकार व उनका परिवार सुरक्षित नहीं रहेगा तो अमेरिकी संरक्षित इस्राईल के काले करतूत दुनिया तक कैसे पहुंचेंगे ? इन्हीं हालात में अनेक अंतर्राष्ट्रीय राहत संगठन और मानवाधिकार समूह बड़े पैमाने पर भुखमरी फैलने की चेतावनी दे रहे हैं। एक ओर तो इस्राईल-अमेरिका फ़िलिस्तीनियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले हमास को आतंकी संगठन बताकर उसकी आड़ में पूरे फ़िलिस्तीन पर नियंत्रण हासिल करने की फ़िराक़ में है तो दूसरी ओर यही इस्राईल-अमेरिकाअहमद हुसैन अल-शरा, जिसे अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से भी जाना जाता है,को सीरिया में बशर अल असद का तख़्ता पलटकर उसे अंतरिम राष्ट्रपति बना देता है। यह वही जुलानी है जिसपर कुछ समय पहले तक अमेरिका ने दस मिलियन डॉलर का ईनाम घोषित कर रखा था। क्योंकि वह अलक़ायदा से जुड़ा था। 2017 में उसने अन्य कई आतंकी संगठनों के साथ मिलाकर हयात तहरीर अल-शाम HTS नामक संगठन बना लिया था। अमेरिका ने HTS को आतंकी लिस्ट में भी रखा था। अब अमेरिका ने उसके संगठन HTS को आतंकी लिस्ट से भी हटा दिया है । गोया जो व्यक्ति अमेरिका के हर विभाजनकारी इरादों में साथ रहे वह उसके लिए आतंकवादी नहीं और जो उसके और इज़रायल के ख़िलाफ़ हो या अपनी स्वतंत्र नीति रखता हो वह आतंकवादी घोषित हो जाता है चाहे वह ईरान जैसा संप्रभुता संपन्न राष्ट्र ही क्यों न हो ?

बहरहाल, अमेरिका को सर्वशक्तिमान मानने वाले व अमेरिकी रहमो करम पर जीने वाले कुछ अमेरिकी पिट्ठू देशों की शासकों व तानाशाहों की बात छोड़ दें तो पूरा विश्व ख़ासकर मध्य एशियाई देश इस बात को समझ चुके हैं कि अब समय आ गया है कि किसी भी तरह इस्राईल को सबक़ सिखाया जाये और मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति दिलाई जाये। ईरान का भय दिखाकर सुन्नी शिया मतभेदों को बढ़ावा देना दरअसल अमेरिका की सुन्नी देशों के प्रति हमदर्दी नहीं बल्कि एक बड़ी चाल है जिसे मुस्लिम जगत अब बख़ूबी समझ चुका है। मुस्लिम जगत जुलानी की आड़ में सीरिया को बर्बाद करने की साज़िश को भी समझ रहा है।परन्तु ख़बर यह भी है कि सीरियाई जनता भी अमेरिका इस्राईल के सीरिया के प्रति नापाक इरादों को भांप कर एकजुट होने लगी है। मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिका से मुक्त कराने के शुरुआत संकेत मिलने लगे हैं। ईरान ने गत 23 जून को क़तर की राजधानी दोहा स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे अल-उदीद एयरबेस पर मिसाइलें दाग़ कर तथा इराक़ और सीरिया में भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर यह चेतावनी दे दी है कि अमेरिकी सैन्य अड्डे मध्य एशियाई क्षेत्रों में सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही इराक़ी प्रतिरोध समूहों, विशेष रूप से कताइब हिज़बुल्लाह, ने इराक़ी सरकार को यह चेतावनी जारी कर दी है कि वह अमेरिकी सेना को दो महीने के भीतर बगदाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और ऐन अल-असद बेस जैसे इराकी सैन्य ठिकानों, से पूरी तरह से हटने के लिए कहे। इराक़ी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी को इस संबंध में पहले से सहमति के आधार पर कार्रवाई करने के लिए "पर्याप्त समय" दिया गया था, और अब केवल दो महीने बचे हैं। यानी सितंबर 2025 के अंत तक अमेरिका को इराक़ छोड़ने की चेतावनी दे दी गयी है। इस चेतावनी में यह भी कहा गया है कि अगर यह कार्रवाई समय सीमा में पूरी नहीं हुई, तो उनकी "अलग राय" होगी , हालांकि उन्होंने "अलग राय" को स्पष्ट नहीं किया।इस तरह की अनेक छोटी बड़ी घटनाओं व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही गोलबंदी को देखते हुये इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि मध्य एशिया अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति के प्रयास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# दुनिया के इन जादुई झरनों को देखकर बन जाएगा आपका दिन

पहाड़ों, गहरी घाटियों और हरियाली बीच बहते हुए यह झरने प्राकृतिक कला का अनूठा और अद्वितीय उदाहरण है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी है और घूमने के भी शौकीन हैं, तो आपको दुनिया के सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों का दीदार करना चाहिए। दुनिया भर में प्राकृतिक सुंदरता का एक अनोखा अनुभव झरनों में देखने को मिलता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा काफी मनमोहक होता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा देखना लोगों के मन को सुकून पहुंचाने के साथ रोमांच का अनुभव कराता है। बता दें कि दुनिया में कई ऐसे झरने हैं, जिनकी ऊंचाई और सुंदरता उनको खास बनाती है। इन झरनों की ऊंचाई सुनकर कोई भी चौंक जाएगा, वहीं इनकी सुंदरता भी उतनी ही सुकूनदायक है। पहाड़ों, गहरी घाटियों और हरियाली बीच बहते हुए यह झरने प्राकृतिक कला का अनूठा और अद्वितीय उदाहरण है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी है और घूमने के भी शौकीन हैं, तो आपको दुनिया के सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों का दीदार करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**एंजेल फॉल्स , वेनेजुएला**-वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।

**टुगेला फॉल्स, दक्षिण अफ्रीका**-दक्षिण अफ्रीका में मौजूद टुगेला फॉल्स की ऊंचाई 3,110 फीट है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा देखने लायक है। यह रॉयल नेटल नेशनल पार्क के ड्रेकेन्सबर्ग माउंटेन्स पर स्थित है।

**थ्री सिस्टर्स फॉल्स, पेरू**-पेरू एक बेहद खूबसूरत जगह है, जहां पर आपको थ्री सिस्टर्स फॉल्स नाम का शानदार जलप्रपात देखने को मिलेगा। यह अमेजन जंगल के बीच स्थित है और तीन स्तरों में बहता है। इसी वजह से इसका नाम 'थ्री सिस्टर्स' पड़ा। ट्रैकिंग और रोमांच पसंद करने वालों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

**ओलूपेना फॉल्स, हवाई**-संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई में करीब 900 मीटर की ऊंचाई पर ओलूपेना फॉल्स है। ओलूपेना फॉल्स सीधे समंदर से लगती चट्टानों से गिरता है और सिर्फ बोट या हेलिकॉप्टर से ही देखा जा सकता है।

## सू-दोकू 123

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.122 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## एक नजर

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में 5123 अभ्यर्थी हुए शामिल

**बलौदाबाजार भाटापारा, 28 जुलाई।** व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित हुई। इस भर्ती परीक्षा में जिले के 5123 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 1247 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा हेतु जिले में 21 केंद्र बनाए गए थे।परीक्षा एक पाली में प्रातः 11से अपरान्ह 1:15 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा हेतु 6370 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था।सभी परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला कर्मचारियों की तैनाती की गई थी ।उड़नदस्ता की टीम द्वारा सभी केंद्रों में जांच किया गया। किसी भी केंद्र में अनुचित साधन प्रयोग के प्रकरण नहीं मिला।

### सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी भर्ती, 11 तक आवेदन

**जगदलपुर, 28 जुलाई।** कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जगदलपुर के द्वारा बस्तर जिले के अंतर्गत पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के रिक्त पदों पर एकमुश्त मासिक मानदेय के आधार पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र मूल प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति सहित पंजीकृत डाक के माध्यम से आगामी 11 अगस्त 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। उक्त पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के तहत मान्यता प्राप्त संस्था से बायोलॉजी विषय में 12 वीं उत्तीर्ण एवं वेटनरी पॉलीटेक्निक डिप्लोमा होना चाहिए। इन पदों पर एक वर्ष के लिए मासिक मानदेय पर भर्ती किया जाएगा। कृत्रिम गर्भाधान कार्य में दक्षता एवं बस्तर जिले के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी। शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर आवेदकों का चयन किया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक एवं अनुभव के आधार पर कुल अंक 100 होंगे अधिकतम 10 अंक अनुभव पर 90 अंकों की गणना निर्धारित शैक्षणिक अर्हता के प्राप्तांक के आधार पर की जाएगी। अनुभव की गणना प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 2 अंक होंगे। जो अधिकतम 10 अंकों तक देय होगा। अनुभव का लाभ शासकीय कार्य में नियुक्ति आदेश में लागू होगा। अभ्यर्थियों की आयु 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 से 35 वर्ष के मध्य होना चाहिए। चयन उपरांत अभ्यर्थी को उनके पदस्थापना स्थान में ही निवासरत होकर सेवा प्रदान किया जाना अनिवार्य होगा। उक्त नियुक्तियां कलेक्टर जिला बस्तर द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा, शासकीय नियंत्रण जिला स्तर पर संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला बस्तर होंगे। अभ्यर्थी आवेदन सम्बन्धी पत्राचार कार्यालय सयुंक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं चांदनी चैक, जगदलपुर जिला-बस्तर ( छत्तीसगढ़ ) पिन 494001 के पते पर कर सकते हैं। भर्ती से सम्बंधित विस्तृत जानकारी बस्तर जिले की अधिकारिक वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

### पत्थलगांव जनपद परिसर में बनी दुकानों की जल्द होगी नीलामी

**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत पत्थलगांव से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद परिसर में बनी हुई दुकानों का निलामी करने के लिए जल्द ही नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होगी। दुकानों में ताला लगा हुआ है तथा परिसर जशपुर रोड़ मुख्य मार्ग शहर के बीच में स्थित है जहा किसी प्रकार की शराबखोरी या अन्य गतिविधियां नहीं होती है।

### नागपंचमी पर 29 को कार्यशाला

**जशपुरनगर।** लोगों को सर्पदंश से बचाव के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 29 जुलाई को नागपंचमी के अवसर पर जशपुर वन मंडल द्वारा जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा सर्प विशेषज्ञों के द्वारा सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के संबंध में किसी आपात परिस्थिति में क्या करें तथा क्या न करें इसकी विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला में सर्प से संबंधित ज्ञान रखने वाले सभी इच्छुक व्यक्ति शामिल हो सकते हैं।

### कुपोषित बच्चों के लिए लगाया गया मेगा हेल्थ कैम्प

**गरियाबंद, 28 जुलाई।** कलेक्टर बी.एस. उइके के निर्देशानुसार जिले में बच्चों के बेहतर सुपोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल तथा कुपोषण मुक्त करने के उद्देश्य से कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज के लिए आज छुरा के सांस्कृतिक भवन में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि इसकी शुरुआत शुक्रवार 25 जुलाई को जिला मुख्यालय से किया गया था। इसी तरह 03 अगस्त को मैनपुर में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में राजधानी रायपुर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक भट्टर एवं उनकी टीम द्वारा जिले के कुपोषित बच्चों का गंभीरतापूर्वक स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज किया जा रहा है। साथ ही बच्चों के पालकों को बच्चों के बेहतर देखभाल एवं कुपोषण को दूर करने खानपान से संबंधित आवश्यक सलाह भी दिया जा रहा है। शिविर में बच्चों का सामान्य विकास, मनोभाव, बोलचाल, हाथ-पैर की एक्टीविटी, मानसिक विकास, बोलने-सुनने, पिछड़ापन, शारीरिक विकास, जन्मजात बीमारी, चर्मरोग, हृदय रोग, बौद्धिक विकास सहित अन्य शारीरिक कमजोरियों की जानकारी लेकर उनका निःशुल्क उपचार एवं दवाईयां वितरित की गई। छुरा विकासखण्ड के लगभग 200 से अधिक बच्चों का वजन माप, वृद्धि चार्ट एवं आवश्यक मापदण्डों में पंजीयन किया गया। इसके आधार पर डॉ भट्टर ने बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच कर आवश्यक ईलाज एवं देखभाल के लिए सुझाव देते हुए उनके आहार एवं खान-पान के बारे में जानकारी दी गई।

# शिव मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

## देवालयों में प्रतिदिन किया जा रहा शिव चालीसा पाठ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**दंतेवाड़ा 28 जुलाई।** श्रावण का आज तीसरा सोमवार है। तृतीय सावन सोमवार पर आज भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर आज नगर के सभी शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज सुनाई पड़ी। भक्त अल सुबह से ही मंदिरों में पहुंच पूजा अर्चना कर भोलेनाथ से सुख शांति व समृद्धि का आशीर्वाद मांग रहे हैं। जिला मुख्यालय समेत आसपास के शिवालयों में भोलेनाथ व माता पार्वती के दर्शन करने भक्तों की अपार भीड़ लगी रही।

सावन का पवित्र महीना चल रहा है और आज सावन का तीसरा सोमवार है। शिवालयों में जल चढ़ाने मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ लगी रही। शिवालयों में भगवान भोलेनाथ को दुध, गंगाजल से अभिषे कर विशेष श्रृंगार किया गया तथा शिवलिंग में पुष्प और बेलपत्र चढ़ाए गए। श्रावण मास शुरू होते ही भोले की उपासना शुरू हो जाती है। व्रत और त्यौहारों का दौर शुरू हो जाता है। सावन माह में शिव भक्त सुख, शांति और धन संपदा की प्राप्ति के लिए शिव आराधना करते हुए शिवलिंग में अक्षत, बेल पत्र चढाकर मनोकामना पूरी होने की मन्नत मांगते हैं। भक्तों को अपने भोलेनाथ पर पूरी आस्था एवं श्रद्धा होती है। मान्यता है कि सावन मास में भोलेनाथ की आराधना करने से भगवान भक्तों की हर मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। इसी विश्वास और श्रद्धा के चलते सावन के दूसरे सोमवार को नगर के मंदिर और शिवालयों में दिन भर ओम नमः शिवाय की गूंज चारों ओर गूंजायमान होता रहा। ईधर श्रावण मास के शुरू होते ही नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर समेत माईजी मंदिर रोड पर स्थित दोनों प्रमुख शिवालयों में घट स्थापना कर प्रतिदिन सायंकाल दो घंटे का शिव चालीसा एवं रामायण पाठ नगर की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

# ट्रिपल इंजन की सरकार में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं : तुलिका

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 28 जुलाई।** दंतेवाड़ा जिले में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार है। विधायक, सांसद से लेकर जिला पंचायत तक में इनका राजपाठ है बावजूद आज बस्तर में महिलओं की सुरक्षा नहीं हो रही। दिन दहाड़े महिलाओं की अस्मत को तार तार किया जा रहा है। रेप के बाद हत्या तक किया जा रहा है और प्रदेश की ट्रिपल इंजन की सरकार सोई हुई है। कानुन व्यवस्था पुरी तरह से ध्वस्त हो गई है। रेप व हत्या के खिलाफ थानों में एफआईआर तक नहीं लिखा जा रहा है। जब महिला कांग्रेस के लोग जाकर पीड़ित से मिलते हैं और पुलिस पर दबाव बनाते हैं तब जाकर पुलिस 9 दिनों बाद एफआईआज दर्ज करती है ये हाल बना रखा है भाजपा ने पुरे प्रदेश में। ऐसी स्थिति में महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी भाजपा सरकार हमें जवाब दे। उक्त बातें दंतेवाड़ा महिला कांग्रेस की ग्रामीण अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने सोमवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान कही। प्रेसवार्ता के दौरान शहर अध्यक्ष इद्रा शर्मा, सुमित्रा सोरी व इंदिरा ठाकुर व ज्योति राव भी उपस्थित थे।

तुलिका कर्मा ने हाल ही में हुए दो घटनाओं का जिक्र करते कहा कि अभी सप्ताह भर पूर्व पालनार के बाहर इलाके में एक महिला की लाश नग्न अवस्था में मिली है। लाश को देखकर कोई भी बता सकता है कि महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है।

# 217वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मनाया 87वां स्थापना दिवस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 28 जुलाई।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 87वां स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर रविवार को पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन) रेंज कोन्टा एवं 217वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के मुख्यालय कोन्टा प्रांगण में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ÷87वां स्थापना दिवस÷ बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राजेश पांडे, पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन रेन्ज कोन्टा), और श्री विजय शंकर (कमांडेन्ट 217 बटा0) ने देशहित के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सभी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर श्री राजेश पांडे, पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन रेन्ज कोन्टा) ने स्पेशल गार्ड से सलामी ली और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना, बल के इतिहास और बल के महत्व के बारे में उपस्थित अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण और जवानों के साथ साझा किया तथा सभी जवानों को बल के लिए अच्छा कार्य करने व प्रशिक्षण कौशल को बढाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री नीर सिंह मीणा (द्वि. कमा अधिकारी), श्री पार्थ सारथी साहू (उप कमाण्डेन्ट), श्री सौरभ कुमार सिंह (उप कमाण्डेन्ट), डा0 मंदीप सिंह (एस एम ओ), तथा श्री डी. राजा इलमपरिती (सहा. कमाण्डेन्ट), अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान शामिल हुए।

# नक्सलियों का शहीदी सप्ताह शुरू

## सड़कों से लेकर अंदरूनी इलाकों तक सुरक्षाबलों ने तेज की सर्चिंग, बड़ी संख्या में जवान तैनात

**जगदलपुर, 28 जुलाई।** आज से बस्तर में नक्सलियों का शहीदी सप्ताह शुरू हो गया है, जो 3 अगस्त तक चलेगा. शहीदी सप्ताह के दौरान नक्सलियों ने अपने साथियों को याद कर एक वीडियो भी जारी किया है.

जिसमें छत्तीसगढ़, तेलंगाना समेत अन्य राज्यों में मारे गए अलग-अलग डिवीजन के नक्सलियों की तस्वीरें हैं. वहीं सड़कों से लेकर अंदरूनी इलाकों तक नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज कर दिया.

साथ ही गाने के माध्यम से नक्सलियों ने कहा कि इनके लिए हम आंसू नहीं खून बहाएंगे।



नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने यह वीडियो जारी किया है. इसमें केंद्रीय नेतृत्व से लेकर जोन स्तर तक के मृत नक्सलियों का जिक्र हैं. साथ ही गाने के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी और बदला लेने की बात की है. इस वीडियो में नक्सलियों ने अपने सेंट्रल कमेटी मेंबर, DVCM, PPCM, ACM मेंबर की तस्वीरें भी जारी की है.

बता दें इसे लेकर सड़क से लेकर अंदरूनी इलाको में डीआरजी कोबरा सीआरपीएफ़ एसटीएफ़ के जवान तैनात किये गये हैं. वहीं एसपी किरण चव्हाण व सीआरपीएफ डीआईजी आनन्द सिंह राजपुरोहित हर एक गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं.

# ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

**सुकमा, 28 जुलाई।** भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया के अंतर्गत सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के अधीन जून और जुलाई 2025 में आयोजित की गई ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर ट्रेडमैन, अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस तथा नियमित कैडर में धार्मिक शिक्षक, नर्सिंग सहायक और सिपाही फार्मा जैसे विभिन्न पदों हेतु आयोजित की गई थी। परीक्षा छत्तीसगढ़ के विभिन्न ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। सफल उम्मीदवारों की सूची भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही, परिणाम सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के सूचना पट पर भी प्रदर्शित किया गया है। उम्मीदवार परीक्षा परिणाम से संबंधित किसी भी जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर जो शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्थित है के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 अथवा 2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

# खेल और संवाद के माध्यम से बालिकाएं हुई साइबर जागरूक

**एमसीबी, 28 जुलाई।** जिले में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत आयोजित अंतिम जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्श विद्या मंदिर हायर सेकेंड्री स्कूल, खोंगापानी में 'ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता' विषय पर विशेष सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को साइबर अपराधों और डिजिटल खतरों से सचेत करते हुए उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना था। इस कार्यक्रम का संचालन जिला कलेक्टर एवं दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देश तथा जिला कार्यक्रम



अधिकारी आर.के. खाती के मार्गदर्शन में किया गया। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन सिंह का आयोजन में सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम की रूपरेखा मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के नेतृत्व में तैयार की गई, जिन्होंने बालिकाओं के लिए इस सत्र को संवादात्मक, सरल और ज्ञानवर्धक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य सत्र में पुलिस विभाग की श्रीमती उषा राजवाड़े ने बालिकाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी, बैंकिंग फ्रॉड, रैनसमवेयर, सॉफ्टवेयर हैकिंग, डी-डॉस अटैक और साइबर जासूसी जैसे जटिल साइबर खतरों से अवगत कराया। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पहचान गोपनीयता, पासवर्ड सुरक्षा जैसे विषयों पर व्यवहारिक उदाहरणों सहित मार्गदर्शन दिया।

इसी क्रम में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रतिनिधि श्रीमती अंजनी यादव (पी.एल.वी.) ने बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा तकनीकों और साइबर शोषण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की महत्ता समझाते हुए बालिकाओं को किसी भी आपात स्थिति में निःसंकोच मदद लेने का आह्वान किया।

### अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन 4 अगस्त तक

**सुकमा, 28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय निर्देशों के परिपालन में अंतिम तिथि में संशोधित करते हुए अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के अंतर्गत अर्हताधारी आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन 04 अगस्त 2025 को सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) अभ्यर्थियों से आमंत्रित किये गये है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अतिथि व्याख्याता नीति-2024 का विस्तृत जानकारी शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा के सूचना पटल पर एवं कालेज की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

# फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली का आयोजन

**सुकमा, 28 जुलाई।** खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत, छत्तीसगढ़ सेक्टर सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन ने आज लाखापाल से चिंतलनार तक साइकिल रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षाकर्मियों और आम जनता के बीच फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। सीआरपीएफ के अधिकारियों और कर्मियों ने देशभक्ति की भावना और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। 74वीं



बटालियन सीआरपीएफ के सीओ श्री हिमांशु पांडे के निर्देशानुसार अभियान का समापन हुआ और उसे हरी झंडी दिखाई गई। युवा और खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित यह पहल अनुशासित और सक्रिय जीवनशैली के हिस्से के रूप में खेल और फिटनेस के महत्व पर जोर देती है। इस तरह के आयोजन सामुदायिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करते हैं और स्वास्थ्य एवं कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने में सुरक्षा बलों की भूमिका को उजागर करते हैं।

# जल स्रोत में क्लोरीनेशन से ग्रामीणों को मिला स्वच्छ जल

**एमसीबी, 28 जुलाई।** जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम राँपा के निवासियों के लिए अब पीने का पानी पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और स्वच्छ हो गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम में स्थापित हैंडपंप के जल स्रोत में क्लोरीनेशन प्रक्रिया को सफ्लतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस वैज्ञानिक प्रक्रिया के माध्यम से जल में उपस्थित हानिकारक जीवाणुओं और कीटाणुओं को प्रभावी ढंग से नष्ट किया गया, जिससे अब ग्रामीणों को संक्रमण मुक्त एवं गुणवत्ता युक्त पेयजल



मिल रहा है। क्लोरीनेशन की यह पहल ग्रामवासियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से एक बड़ा और कारगर कदम है, जिससे ग्रामीणों को जलजनित बीमारियों से बचाव में सीधा लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि अब तक कई ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता बनी रहती थी, विशेषकर गर्मियों और बरसात के मौसम में जब जल स्रोतों में प्रदूषण की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा समय रहते इस पहल को अमल में लाना अत्यंत सराहनीय है। विभाग द्वारा नियमित निगरानी, पानी के सैंपल परीक्षण और आवश्यकतानुसार क्लोरीन का उपयोग कर जल स्रोतों को शुद्ध बनाया गया है, जिससे न केवल पेयजल की गुणवत्ता में सुधार आया है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए प्रसन्नता जताई है।

# भारी विवादों के बीच हुई बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन की आमसभा

**किरंदुल, 28 जुलाई।** बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन (BTOA) की बहुप्रतीक्षित आमसभा रविवार को भारी विवाद, बहस और आरोप-प्रत्यारोप के बीच सम्पन्न हुई। सभा में पुराने कार्यकाल की समीक्षा, चुनाव की घोषणा और सदस्यता जैसे अहम मुद्दों पर तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इस दौरान माहौल इतना गरमा गया कि बात धक्का-मुक्की तक पहुंच गई।

मुख्य बिंदुः पूर्व समिति का कार्यकाल बिना हिसाब-किताब प्रस्तुत किए समाप्त किया गया। बैठक में जोरदार बहस और आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बनी रही। आगामी 13 अगस्त को वार्षिक चुनाव की घोषणा की गई। अध्यक्ष पद को लेकर जोरदार टकराव की स्थिति, कई दावेदार मैदान में। सदस्यता को लेकर भी विवाद, 1000 से अधिक सदस्यों ने भागीदारी की मांग रखी। पिछले चुनाव से जुड़े पुराने विवाद भी उभरे, पारदर्शिता पर सवाल।

पूर्व समिति का कार्यकाल बिना लेखा-जोखा के समाप्त

### 13 अगस्त को होंगे वार्षिक चुनाव



सभा में सबसे बड़ा विवाद तब खड़ा हुआ जब बिना किसी वित्तीय प्रतिवेदन, आय-व्यय विवरण या लेखा परीक्षण के पूर्व कार्यकारिणी का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण घोषित कर दिया गया। इस निर्णय पर विरोध जताते हुए सदस्यों ने पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए और जवाबदेही की मांग की।

**वार्षिक चुनाव की घोषणा 13 अगस्त को मतदान**

सभा के अंत में यह घोषणा की गई कि आगामी 13 अगस्त को क्क्तक्ष्ड का वार्षिक चुनाव आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष सहित प्रमुख पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी मतभेद सामने आए।

**सदस्यता सूची और मतदान अधिकार पर भी बवाल**

सभा में 1000 से अधिक सदस्यों ने अपनी भागीदारी और मतदान अधिकार की मांग की, जबकि वर्तमान समिति द्वारा मात्र 1600 सदस्यों की ही सूची प्रस्तुत की गई। कई पुराने सदस्यों का नाम सूची से गायब पाया गया, जिससे असंतोष और गहरा गया।

**पिछले चुनावों के पुराने घाव फिर हरे**

सभा में 2012 व 2017 के चुनावों में हुई अनियमितताओं का मुद्दा भी गरमा गया। सदस्यों ने कहा कि बार-बार पारदर्शिता की अनदेखी से संगठन की छवि खराब हो रही है।

**आरोप-प्रत्यारोप और धक्का-मुक्की का दौर**

सदस्यों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि सभा के दौरान जोरदार बहस, शोरगुल और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। कई वरिष्ठ सदस्यों को बीच-बचाव करना पड़ा।

**अध्यक्ष पद को लेकर घमासान तय**

संभावित उम्मीदवारों के समर्थकों में अभी से ही रणनीति और जोड़तोड़ का दौर शुरू हो चुका है। माना जा रहा है कि अध्यक्ष पद को लेकर इस बार मुकाबला काफी कांटे का होगा।

**क्या कहते हैं सदस्य**

सभा में शामिल कुछ वरिष्ठ सदस्यों ने कहा, ÷अगर इस बार भी चुनाव में पारदर्शिता नहीं रही, तो यह संगठन बिखर सकता है। समय रहते नियमों का पालन और निष्पक्ष चुनाव जरूरी है।

**विचार्णिय तथ्यों पर गोर करे**

यह आमसभा संगठन के आंतरिक तनाव, नेतृत्व की अस्थिरता और सदस्यों में बढ़ते अविश्वास को उजागर करती है। अब सबकी नजरें 13 अगस्त को होने वाले चुनाव पर टिकी हैं, जो यह तय करेगा कि संगठन पारदर्शिता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की ओर बढ़ेगा या फिर विवादों की गर्त में और गहराएगा।

# नपा अधिकारी ने शिवलिंग की पूजा कर भटगांववासियों के लिए मांगा आशीर्वाद

**भटगांव, 28 जुलाई।** सावन माह के शुभ अवसर पर शुक्रवार को नगर पंचायत भटगांव में शिवभक्ति का माहौल देखने को मिला। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेश सिंह और उनके परिवार ने अपने निवास परिसर में स्थित शिवलिंग पर विशेष पूजा-अर्चना कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि और नगर के विकास की कामना की। पूजा कार्यक्रम में पंडित अनुराग दुबे के मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग पर दूध और जल से अभिषेक किया गया और बाबा को भोग अर्पित किया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में नगर पालिका कार्यालय के कई कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेश सिंह ने कहाः सावन का महीना भोलेनाथ की आराधना का श्रेष्ठ समय है। इस दौरान की गई पूजा-अर्चना से भगवान शिव प्रसन्न होकर अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि हरेली तिहार और सावन को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया गया। उनकी पत्नी ने भी शिवलिंग पर पूजा कर नगर की समृद्धि और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। पूजा के बाद सभी उपस्थित लोगों ने बाबा भोलेनाथ के 'हर हर महादेव' के जयघोष के साथ माहौल को भक्ति से भर दिया। सावन के इस पावन महीने में भटगांव नगरवासियों की आस्था और शिवभक्ति का ये आयोजन आदर्श मिसाल बन गया है।

## एक नजर

### अरुण साव ने किया अटल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण



**महासमुंद 28 जुलाई ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज सरायपाली प्रवास के दौरान मा घंटेश्वरी मंदिर के समीप नवनिर्मित अटल परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और अटल जी के विचारों व योगदान को स्मरण किया।उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे, जिनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। वे विचारों के धनी, ओजस्वी वक्ता और दूरदृष्टा राजनेता थे। अटल जी ने न सिर्फ भारतीय राजनीति को नई दिशा दी, बल्कि आमजन की आशाओं को नीति में परिवर्तित कर दिखाया। पोखरण परमाणु परीक्षण हो या सर्वसमावेशी विकास की परिकल्पना, हर कदम पर उन्होंने भारत को गौरवान्वित किया।उन्होंने आगे कहा कि अटल जी का जीवन सरलता, संयम और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक रहा है। उन्होंने लोकतंत्र की गरिमा को सदैव सर्वोपरि रखा और विपक्ष को भी सम्मान देने की परंपरा स्थापित की। उनके व्यक्तित्व से वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरी नंद, बसना विधायक श्री संपत अग्रवाल, पूर्व सांसद श्री चुन्नी लाल साहू,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर,राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया, स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष श्री येतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### दिनदहाड़े व्यवसायी के घर लूटपाट करने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा,28 जुलाई।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद नगर फेज 2 में शनिवार को दिनदहाड़े एक व्यवसायी के घर में लूटपाट की कोशिश की गई। आरोपी ने घर में घुसकर महिला सदस्यों को धमकाया और रुपये की मांग की, जिससे एक महिला जख्मी हो गई। हालांकि, परिजनों की सतर्कता और पुलिस की तत्परता से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

कंप्यूटर व्यवसायी नीलेश भुजाशिया जिनकी निहारिका महानदी कॉम्पलेक्स में कम्प्यूटर चैनल के नाम से दुकान संचालित है ,के घर में दोपहर को महिला सदस्य मौजूद थे। तभी एक व्यक्ति जबरदस्ती घर में घुस गया और खुद को जरूरतमंद बताकर रुपये की मांग करने लगा। आरोपी ने महिला सदस्यों को धमकाया और चाकू दिखाकर रुपये की मांग की, जिससे एक महिला ज ख्मी हो गई। घटना के समय पीड़ित महिला बिहार में रहने वाले अपने रिश्तेदार से बातचीत कर रही थी, जिससे उन्हें घटना की जानकारी मिली और उन्होंने तुरंत कोरबा में रहने वाले अपने रिश्तेदार अरुण को सूचित किया। अरुण ने अपने साथी के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पूर्व सैनिकों ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**कोरबा।** देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों की स्मृति में पूर्व सैनिक सेवा संघ कोरबा द्वारा सुभाष चैक में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कोरबा का सुभाष चैक देशभक्ति के रंग में रंगा दिखा और 'जय हिंद', 'भारत माता की जय' जैसे नारों से गूंज उठा।उक्त कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद तथा भाजपा नेता नरेंद्र देवांगन भी शामिल हुए, उन्होंने कारगिल के शहीदों को नमन कर कारगिल विजय दिवस की सबको बधाई दी।कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को माल्यार्पण, और दो मिनट के मौन से हुई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया और उपस्थित जनों ने शहीदों को नमन किया, पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे कठिन परिस्थितियों में भी भारतीय सैनिकों ने दुश्मनों को परास्त किया और तिरंगे को ऊँचा रखा।उक्त कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व सैनिक सेवा संघ के अध्यक्ष ने कहा की कारगिल विजय दिवस हमें याद दिलाता है कि देश की रक्षा के लिए हमारे जवानों ने क्या कुछ सहा। हमें उनके बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए।

### नेशनल हाईवे पर किया चक्काजाम, यातायात ठप पड़ने से लगी गाड़ियों की लंबी कतारें

# खाद की किल्लत से परेशान किसानों का फूटा गुस्सा



**बालोद,28 जुलाई।** जिले में खाद की गंभीर कमी को लेकर किसानों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। बालोद के कुसुमकसा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर 14 गांवों के सैकड़ों ग्रामीण किसान सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिए। इससे राजनांदगांव-बालोद-भानुप्रतापपुर मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर सैकड़ों गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

ग्रामीण किसान खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे हैं। मौके पर पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे हैं और किसानों को समझाने की लगातार कोशिश की जा रही है। किसानों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन को खाद की कमी के बारे में अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार अनदेखी से नाराज होकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा। उनका कहना है कि यदि जल्द खाद की व्यवस्था नहीं की गई, तो आंदोलन और उग्र हो सकता है।ये सरकार की असफल कृषि नीति का नतीजा - किसान नेताकिसान नेता और पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने सरकार की कृषि नीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की असफल कृषि नीति का ही नतीजा है कि सोसायटी किसानों को समय पर खाद नहीं दे पा रही। ऐसा प्रतीत होता है कि शासन खुद ही योजनाबद्ध तरीके से किसानों को खाद से वंचित कर रहा है, जिससे धान का उत्पादन घटे और सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर कम धान खरीदना पड़े।

सुथार ने प्रशासन से मांग की है कि सोसायटी में तुरंत खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान अपना खेत समय पर बो सकें और फसल उत्पादन प्रभावित न हो।इधर, किसानों के चक्काजाम के चलते उत्पन्न स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए एसडीएम सुरेश साहू, डीएमओ सौरभ भारद्वाज और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। प्रशासन की ओर से लगातार किसानों को समझाने की कोशिश जारी है, ताकि जाम समाप्त कराया जा सके और सामान्य स्थिति बहाल हो। स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है, लेकिन प्रशासन का दावा है कि जल्द समाधान निकालने की कोशिश हो रही है।

### बाल-बाल बची यात्रियों की जान

# डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बस




**पत्थलगांव, 28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव थाना के एनएच-43 पर सोमवार तड़के सुबह 5 बजे एक बड़ा हादसा उस वक्त टल गया, जब तेज रफ्तार में जा रही एक यात्री बस डिवाइडर से टकरा गई। हादसा पत्थलगांव के मदनपुर इंजको के पास सुबह 5 बजे हुआ। बस सासाराम (बिहार) से रायगढ़ (छत्तीसगढ़) जा रही थी। अचानक चालक को नींद की झपकी आ जाने से बस ने पहले सड़क किनारे लगे खंभे को टक्कर मारी, फिर करीब 200 मीटर तक डिवाइडर को तोड़ते हुए आगे बढ़ गई। इस हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि सभी यात्री सुरक्षित हैं और कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और दूसरी बस से गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की गई। प्रशासन ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर ट्रैफिक बाधित रहा।

# बाढ़ के बहाव में नहाने के लिए कूदे युवक की लाश मिली

**खैरागढ़, 28 जुलाई।** शहर में आए बाढ़ के दौरान ईतवारी बाजार इलाके नहाने कूदा युवक बह गया. ईतवारी बाजार में दोपहर बाद बाढ़ का रौद्र रूप सामने आया. शीतला मंदिर के बाद सबसे ज्यादा बहाव वाले क्षेत्र में कई युवक जान जोखिम में डालकर नहाने कूद थे. इस दौरान एक युवक के बाढ़ में बहने की जानकारी देर शाम तक उसके घर नहीं लौटने पर हुई तो दूसरे युवक की जान बाल बाल बच गई. बहे युवक की जानकारी आने के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. रात में बाढ़ का पानी उतरने के बाद ईतवारी बाजार इलाके से युवक की खोज भी शुरू की गई. पुलिस ने देर रात ही एसडीआरएफ की टीम को बुलाई. रविवार सुबह से एसडीआरएफ टीम के शहर पहुँचते ही युवक की खोज शुरू की गई. देर शाम को अंबडेकर वार्ड निवासी 20 वर्षीय अमित यादव का शव बरामद हुआ.

ईतवारी बाजार में बाढ़ का पानी लबालब होने के बाद कई युवक जान जोखिम में डालकर बाढ़ के तेज बहाव में नहाने कूदे थे. इसमें अंबडेकर वार्ड निवासी 20 वर्षीय अमित यादव भी शामिल था. बाढ़ देखने आए कई लोगों ने इन युवकों को बाढ़ में नहाने व बार-बार कूदने से मना किया लेकिन वे नहीं माने. काफी देर तक नहाने के बाद बाकी युवक घर लौट गए. लेकिन अमित का पता नहीं चला. देर शाम तक उसके घर नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो उसका पता नहीं चला. जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।इसी तरह एक अन्य युवक बाबू यादव तुरकारीपारा भी शीतला मंदिर के पीछे बाढ़ के बहाव में नहाने कूदा था. मंदिर के पीछे काफी बड़ा और बंद नाले में वह तेज बहाव में बह गया. नाला लंबा होने के बाद भी गनीमत रही की बाबू दो सौ मीटर से ज्यादा लंबे बंद नाले के दूसरे छोर पर पानी के बहाव के साथ निकल गया. थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें युवक की खोज में जुटी थी. लाश बरामद हो गई है.

# अरुण साव ने किया 141.97 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**महासमुंद, 28 जुलाई ।** नगर पालिका परिषद बागबाहरा अंतर्गत आज कुल 141.97 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव थे।



इस अवसर पर कुल 3 कार्यों का लोकार्पण एवं 1 कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। लोकार्पण किए गए कार्यों की कुल लागत 98 लाख रुपए रही, जिसमें प्रमुख रूप से अटल परिसर निर्माण एवं भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना (लागत 28.16 लाख रुपए), वार्ड क्रमांक 12 में ग्राम तेंदुलोथा से चंडी मंदिर तक विद्युत विस्तारीकरण कार्य (लागत 59.30 लाख रुपए), तथा वार्ड क्रमांक 9 में पुष्प वाटिका निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य (लागत 10.54 लाख रुपए) शामिल हैं।इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 3 में आरसीसी ओवरहेड वॉटर टैंक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिसकी लागत 43.88 लाख रुपए है।

इस कार्यक्रम में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, छग बीज निगम अध्यक्ष श्री चन्द्रहास चंद्राकर ,पूर्व सांसद श्री चुन्नीलाल साहू , जिला स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष श्री येतराम साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर,श्री जगन्नाथ पाणिग्रही,नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ,उपाध्यक्ष देवेश साहू,एवं श्रीमती अलका चंद्राकर सहित पार्षद गण ,स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नगर के नागरिक मौजूद थे।उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सतत् रूप से विकास कार्यों को गति दे रही है। इन कार्यों से बागबाहरा क्षेत्र में अधोसंरचना सशक्त होगी एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि आज के इस ऐतिहासिक अवसर पर बाग़बाहरा में लगभग 2 करोड़ के अलग-अलग कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन होने जा रहा है, इसके लिए मैं यहाँ की जनता को बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ। राज्य के सभी नगरीय निकाय में इस प्रतीक का लोकार्पण इसलिए हुआ है क्यूंकि आज हमारे राज्य की अलग पहचान केवल और केवल अटल बिहारी वाजपेयी जी के कारण संभव हुआ है।इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि बागबाहरा नगर के वासियों के लिए ये सौभाग्य की बात है कि अटल परिसर के लोकार्पण के अवसर में हमारे बीच उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी हमारे बीच उपस्थित हैं। हमारी सरकार आने के बाद लगातार विकास कार्यों का क्रियान्वयन हो रहा है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ का किया दौरा

**रायपुर, 28 जुलाई ।** केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने आदिवासी बाहुल्य मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर विकासखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ÷दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों का डिजिटल रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर समुदायों में रूपांतरण भारत की जमीनी प्रगति का सजीव प्रमाण है।

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, मानपुर पहुंचे। यहां उन्होंने स्मार्ट कक्षा एवं डिजिटल शिक्षण उपकरणों का अवलोकन करते हुए मंत्री ने कहा कि डीएमएफ और पीएम-श्री जैसी योजनाओं के माध्यम से यह विद्यालय आदिवासी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आदर्श बन रहा है। मौके पर उन्होंने बच्चों से प्रश्नोत्तर भी किया जिसका सही जवाब पर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने अटल डिजिटल सेवा केंद्र का दौरा कर नागरिकों को डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाते देखा और इसे डिजिटल साक्षरता, वित्तीय समावेशन और लोकतांत्रिक विश्वास को सशक्त करने वाला माध्यम बताया।मौके पर उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की और कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मंशानुरूप ग्रामीण भी डिजिटल साक्षरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर मानपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। डॉक्टर होने के नाते डॉ. चंद्र शेखर ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओ के विस्तार की सराहना की। मौके पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम पौध रोपण भी किया। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर ने कहा कि सरकार के आकांक्षी जिलों कार्यक्रम के अंतर्गत हुई इस दौरा का उद्देश्य विकासात्मक सूचकांकों की समीक्षा करना, नागरिकों से संवाद करना और शासन की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करना था। उन्होंने डिजिटल साक्षरता, महिला नेतृत्व वाले विकास और केंद्र की योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में ठोस प्रगति की सराहना की।इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, डीएफओ श्री दिनेश पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, योगी सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सहकारी समितियों के निर्वाचन के संबंध में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जशपुर, 28 जुलाई ।** वर्ष 2025 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत शासन के निर्देशानुसार सहकारिता विभाग द्वारा पंजीकृत कार्यशील समितियों में से चिन्हांकित 40 सहकारी समितियों में जाकर निर्वाचन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन 23 से 27 जुलाई तक किया गया। जिसमें शासन द्वारा जारी कैलेंडर अनुसार सभी 40 सहकारी समितियों में कार्यशाला द्वारा बोर्ड के निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें निर्वाचन के महत्व को बताया गई।

# मजबूत नागरिक से बनता है मजबूत देश: कलेक्टर अजीत वसंत

**कोरबा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक संघ द्वारा सुभाष चैक निहारिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के लिए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया। उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर दीप जलाए गए और कारगिल के विजय यात्रा को देश के लिए गौरवशाली बताया गया।पूर्व सैनिक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि हमारे सैनिकों ने देश के लिए अनेक युद्ध लड़ा है। कारगिल का युद्ध मुश्किल परिस्थितियों में लड़ा जाने और दुश्मनों से मुकाबला कर विजय हासिल करने वाला युद्ध है। इसे भुलाया नहीं जा सकता। इस युद्ध ने देश के हर नागरिकों को गौरवान्वित किया है। कलेक्टर ने कहा कि अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर भी चलाया गया। हमारे जवानों द्वारा सदैव देश के लिए अपने शौर्य और साहस का परिचय देते हुए पराक्रम को साबित किया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी शान्ति चाहते हैं। शान्ति के लिए मजबूत होना भी आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी देश वहाँ के मजबूत नागरिकों से मजबूत होता है। हमारा देश किसानों, जवानों से मजबूत है। आने वाली युवा पीढ़ी और सभी नागरिक अपनी एकजुटता और मजबूती बनाएं रखे, क्योंकि मजबूत देश ही अपने देश की सुरक्षा और शांति स्थापित कर सकता है। कलेक्टर ने कारगिल के योद्धाओं को नमन करते हुए कहा कि हम सभी देश के उन शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिनकी वजह से हम सभी सुरक्षित है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को भी गौरवान्वित करने वाला बताया। कलेक्टर श्री वसंत ने शहीदों को पुष्पाजंलि अर्पित कर दीप जलाएं।

### दहेज प्रताड़ना मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# 11 लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर किया रद्द

**बिलासपुर,28 जुलाई।** हाईकोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के 12 साल पुराने मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 11 आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर और न्यायालयीन कार्यवाही को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि आरोप सामान्य, अस्पष्ट और ठोस साक्ष्यों से रहित है, जिन्हें कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग माना जाएगा। हालांकि पीड़िता के पति के खिलाफ प्रकरण जारी रखने का निर्देश दिया गया है।

दरअसल, महाराष्ट्र वर्धा में रहने वाले निलीमा कवड़े की शादी वर्ष 2010 में अमोद आनंद सोनवाने से हुई थी। शादी के कुछ महीनों बाद घरेलू हिंसा के कारण निलीमा अपने मायके लौट गई थी और घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर भरण-पोषण का आदेश भी प्राप्त कर चुकी थी। करीब 12 साल बाद वर्ष 2019 में निलीमा ने दुर्ग के



नंदिनी नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई, जिसमें अपने पति सहित 11 परिजनों पर दहेज प्रताड़ना, अश्लीलता और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए।मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट में दलील दी गई कि एफआईआर में लगाए गए आरोप बेहद सामान्य है। किसी भी आरोपी के खिलाफ प्रत्यक्ष साक्ष्य या घटना की तारीख और स्थान का उल्लेख नहीं है। आरोप लगाए गए कई व्यक्ति न केवल पीड़िता के दूर के रिश्तेदार हैं बल्कि उन्होंने कभी उसके साथ रहन-सहन भी नहीं किया है। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कहा कि भजनलाल केस समेत सुप्रीम कोर्ट के पूर्ववर्ती फैसलों में इस प्रकार के झूठे मामलों को रद्द करने के स्पष्ट निर्देश हैं।मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा व न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की डिवीजन बेंच ने आदेश में कहा कि 11 आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस आधार नहीं है। एफआईआर, चालान और न्यायालयीन कार्रवाई का जारी रहना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। कोर्ट ने कहा कि केवल पति अमोद आनंद सोनवाने के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# पति ही निकला सुषमा खुसरो का हत्यारा

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 22 जुलाई को सामने आए महिला हत्या मामले का पुलिस ने चार दिन में खुलासा कर दिया है। मृतका सुषमा खुसरो की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके ही पति अभिनेक कुमार लदेर ने की थी। हत्या के बाद आरोपी ने लाश को जलाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सूझबूझ और वैज्ञानिक जांच से सच्चाई सामने आ गई। सुषमा और अभिनेक की शादी आर्य समाज, बिलासपुर में हुई थी। दोनों गोकुल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोरबा में किराये से रहते थे। 22 जुलाई की सुबह दोनों में पिक्चर देखने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद पति बाहर चला गया। दोपहर में लौटने पर घर के भीतर से धुंआ निकलता देख आरोपी ने दरवाजा तोड़कर देखा तो सुषमा की जली हुई लाश मिली। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 55/25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू की।वैज्ञानिक जांच से खुली हत्या की साजिश-शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में महिला की मौत पहले हत्या फिर जलाने से होना पाया गया। इसके आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफधारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 446/25 पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण, साक्ष्य संग्रह और फॉरेंसिक जांच के साथ 65 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

# प्रदेश कांग्रेस सचिव ने पोलावरम बांध प्रभावित को लेकर चिंता जाहिर की

**रायपुर, 28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दुर्गेश राय बीते दिन दिल्ली में राज्यसभा सांसद से मुलाकात कर पोलावरम बांध से संबंधित विषयों को संज्ञान में लाया। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम से दोरला समाज की पीड़ा और विस्थापन को लेकर विस्तार से जानकारी दी । रॉय ने पारंपरिक और पुरातन जनजाति के अस्तित्व को संकट में होने की जानकारी देते हुए अपनी चिंता जाहिर की । ज्ञात हो कि बहुउद्देशीय पोलावरम बांध के निर्माण होने के बाद इसके डूबान क्षेत्र में आने वाले दोरला समाज के हजारों परिवारों सहित अन्य समुदाय के सैंकड़ों परिवारों को विस्थापन किया जाना है । इसकी लड़ाई एवमं मांग समय-समय पर राजनितिक दलों के लोग अपने अपने तरीके से उठा रहें है और कई प्रदर्शन भी अंतर्राज्यीय सीमा क्षेत्र ओड़िसा आंध्रप्रदेश छत्तीसगढ़ में विगत कई वर्षो से जारी है । विस्थापन योजना व मुआवजे को लेकर डूबान परिवारों के बीच में कई भांतियां असमंजस के रूप में बनी हुई है । प्रभावितों को समुचित मुआवजा नही मिलने तथा इन राज्यों इस सीमावर्ती क्षेत्र में शिक्षा रोजगार और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव होने के साथ जनजातीय संस्कृति भाषा और परंपरा पर भी खतरा मंडराने को लेकर सांसद नेताम से मिलकर संज्ञान में लाया गया है । कांग्रेस सचिव दुर्गेश राय से मिली जानकारी अनुसार इस पर राज्यसभा सांसद मामले को राज्यसभा में उठाने का आश्वासनदिया है और केंद्र सरकार से जवाब मांगने तथा दोरला समाज की आवाज को राष्ट्रीय मंच देने की बात कही है ।

### पीएम आवास से गरीबों को मिल रही खुशियां अपार

**कोरबा।** अपनी झोपड़ी में वर्षो तलक परेशानी झेलते आए ग्राम सपलवा के प्रह्लाद सिंह इसलिए खुश है कि आने वाले दिनों में उनकी परेशानी अब परेशानी नहीं रहेगी। उन्हें भी अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी रहने का मौका मिलेगा। उनकी पत्नी उर्मिला बाई भी चाहती थीं कि उनका भी कोई पक्का मकान हो लेकिन पक्के मकान के लिए खर्च की सीमा उनके सपनों को तोड़ देती थीं। गाँव के कई परिवारों के साथ इनका नाम भी जब पीएम आवास योजना में आया तो खुशी का ठिकाना न रहा। प्रह्लाद सिंह और उनकी पत्नी उर्मिला बाई अपने सपनो के आशियाने को पूरा करने जुट गए हैंकोरबा जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम सपलवा के प्रहलाद सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम आने के बाद उन्होंने अपना घर निर्माण शुरू किया है।

# उद्यानिकी फसलों के लिए फसल बीमा आवेदन 31 जुलाई तक

**जगदलपुर, 28 जुलाई ।** खरीफ फसल सीजन वर्ष 2025-26 हेतु उद्यानिकी फसलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमा करवाने हेतु इच्छुक कृषक 31 जुलाई तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिसके टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता तथा अमरूद हेतु किसानों को न्यूनतम 5 प्रतिशत प्रीमियम राशि का भुगतान करना होगा और शेष प्रीमियम राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। टमाटर के लिए प्रति हेक्टेयर एक लाख 20 हजार रुपए की बीमित राशि है, जिसके लिए किसानों को मात्र 06 हजार रुपए का प्रीमियम देना होगा। बैंगन के लिए प्रति हेक्टेयर 77 हजार रुपए की बीमा राशि निर्धारित की गई है, जिसके लिए किसानों को प्रीमियम के तौर पर मात्र तीन हजार 850 रुपए का भुगतान करना होगा। मिर्च की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 68 हजार रुपए की बीमा राशि निर्धारित की गई है, जिसके लिए किसानों को प्रीमियम के तौर पर तीन हजार 400 भुगतान करना होगा। एड ऑन कवरेज हेतु प्रति हेक्टेयर 22 हजार रुपए निर्धारित की गई है, जिसके लिए 1100 रुपए का भुगतान और करना होगा। अदरक की खेती के लिए एक लाख 50 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बीमा राशि निर्धारित की गई है, जिसके लिए प्रीमियम की राशि 07 हजार 500 रुपए निर्धारित की गई है। केले की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 85 हजार रुपए बीमा राशि तथा 04 हजार 250 रुपए निर्धारित की गई है। एड ऑन के रूप में प्रति हेक्टेयर 80 हजार रुपए की बीमा राशि तथा 04 हजार रुपए की प्रीमियम राशि और निर्धारित की गई है। पपीते की खेती के लिए 87 हजार रुपए बीमा राशि तथा 04 हजार 350 रुपए प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है। एड ऑन के रूप में प्रति हेक्टेयर 38 हजार रुपए बीमा राशि तथा एक हजार 900 रुपए प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है। अमरूद की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 45 हजार रुपए बीमा राशि तथा 02 हजार 250 रुपए प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है।

# वित्त मंत्री ने पुसौर में किया नवीन उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ

**रायगढ़, 28 जुलाई ।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज पुसौर के जनपद पंचायत परिसर में नवीन उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ किया और क्षेत्र वासियों को बधाई दी। पुसौर में उप पंजीयक कार्यालय प्रारंभ होने से रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत पुसौर तहसील क्षेत्र के लोगों को अब जमीन रजिस्ट्री कार्य के लिए जिला मुख्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों को तहसील मुख्यालय पुसौर में ही पंजीयन की सुविधा उपलब्ध होगी।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि आज हम सभी उप पंजीयक कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह




केवल एक भवन या एक कार्यालय का उद्घाटन नहीं है, बल्कि यह सुविधा पारदर्शिता और त्वरित सेवा की दिशा में एक नया कदम है। इस कार्यालय के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को अब रजिस्ट्री कार्य के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। अब वह स्थानीय स्तर पर, कम समय और कम खर्च में संभव होगा। यह कार्यालय न केवल आम जनता की सुविधा का प्रतीक बनेगा, बल्कि शासन की जन-केन्द्रित सेवाओं की प्रतिबद्धता का भी उदाहरण प्रस्तुत करेगा।वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार जब से आई है, गांव, गरीब, किसान, महिला एवं युवा सभी वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते हुए सबसे पहले किसानों के खाते में दो साल का बकाया बोनस की राशि का अंतरण किया है। किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रहा है। पहले साल से ही किसानों को धान खरीदी की अंतरण राशि एक मुश्त प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डेढ़ साल में 18 लाख आवास के स्वीकृति का कार्य हुआ है। 09 हजार आवास के 127 करोड़ रुपए केवल पुसौर ब्लॉक में भेजा गया है। जिनका आवास नहीं आया है, उनके लिए आवास प्लस के तहत सर्वे भी हुआ है। आने वाले समय में सभी जरूरतमंदों को पात्रतानुसार आवास देने कार्य जारी रहेगा। महतारी वंदन योजना राज्य सरकार की महती योजना है। इस योजना के तहत एक भी महीना प्रदेश के 70 लाख दीदियों के खाते में राशि आने में देर नहीं हुआ है। पुसौर में अलग-अलग कामों को आगे बढ़ाने की कोशिश जारी है।

# भारत ने कैसे कराया मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ: 311 रन से पिछड़े, फिर 4 बल्लेबाजों ने 142 ओवर बैटिंग कर हार टाली, 3 के शतक



मैनचेस्टर, 28 जुलाई (एजेंसी)। भारत ने दूसरी पारी में फाइट दिखाने के बाद मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ करा लिया। शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर और केएल राहुल ने मिलकर 142 ओवर बैटिंग की और टीम की हार को ड्रॉ में बदला। राहुल 90 रन बनाकर आउट हुए, बाकी तीनों बैटर्स ने शतक लगाए। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट ड्रॉ होने से टीम इंडिया सीरीज में अब भी बरकरार है। टीम अब पांचवां टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से ड्रॉ करा सकती है। हालांकि, भारत हार गया तो इंग्लैंड 3-1 से सीरीज जीत लेगी। आखिरी मैच ड्रॉ होने पर भी सीरीज 2-1 से इंग्लैंड के नाम ही होगी।

## मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ होने के 5 कारण...

**कारण-1. इंग्लैंड ने पहली पारी डिक्लेयर नहीं की**

मैनचेस्टर टेस्ट की पहली पारी में भारत ने 358 रन बनाए। बैटिंग के लिए मददगार पिच और कंडीशन पर इंग्लैंड ने 157.1 ओवर बैटिंग की और 669 रन बना दिए। टीम ने चौथे दिन के पहले सेशन तक बैटिंग की। इससे भारत के पास टेस्ट मैच ड्रॉ कराने का मौका बन गया।

**कारण-2. 2 विकेट के बाद राहुल-गिल की पार्टनरशिप**

मुकाबले के चौथे दिन 311 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने दूसरी पारी में शून्य पर 2 विकेट गंवा दिए। यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बिना कोई रन बनाए पहले ही ओवर में पवेलियन लौट गए। यहां से ओपनर केएल राहुल ने कप्तान शुभमन गिल के साथ पारी संभाल ली।

**कारण-3. पांचवें दिन जडेजा-सुंदर के शतक**

87.4 ओवर में भारत ने शुभमन के रूप में चौथा विकेट गंवाया। यहां रवींद्र जडेजा बैटिंग करने आए, जिनका पहली ही गेंद पर जो रूट ने स्लिप में कैच छोड़ दिया। उन्होंने इस जीवनदान का फायदा उठाया और सुंदर के साथ भारत की पारी को संभाल लिया।

**कारण-4. इंग्लैंड की बैजबॉल पिच ने बैटिंग आसान बनाई**

कप्तान बेन स्टोक्स और हेड कोच ब्रेंडन मैक्कुलम ने 2022 में इंग्लैंड की लीडरशिप संभाली। दोनों ने इंग्लैंड की पिचों को बैटिंग के लिए कुछ ज्यादा ही मददगार और आसान बना लिया। जिससे मुकाबले के चौथे और पांचवें दिन भी बैटिंग करने में ज्यादा परेशानी नहीं आती है। भारत के बैटर्स ने मैनचेस्टर में इसी तरह की पिच का फायदा उठाया और 311 रन से पिछड़ने के बावजूद 143 ओवर बैटिंग कर मैच ड्रॉ करा लिया।

**कारण-5. इंग्लिश बॉलर्स की थकान**

इंग्लैंड के बॉलर्स ने पहली पारी में 114 ओवर बॉलिंग की। दूसरी पारी के चौथे दिन गेंदबाज दूसरे सेशन में तो एनर्जी से भरपूर नजर आए, लेकिन गिल और राहुल की पार्टनरशिप बनते ही सभी के कंधे झुक गए। टीम इंडिया ने चौथे दिन आखिरी 2 सेशन में विकेट नहीं गंवाए। जिसके बाद इंग्लैंड ने अपने स्पिनर्स लियम डॉसन और जो रूट से ज्यादा बॉलिंग कराई, जिन्हें पिच से कुछ खास मदद नहीं थी।

## एक नजर

### पंत चोट के कारण पांचवें टेस्ट से बाहर, नारायण जगदीशन को मौका



मैनचेस्टर, 28 जुलाई (एजेंसी)। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के पांचवें मुकाबले से चोट के कारण बाहर हो गए हैं। उनकी जगह विकेटकीपर नारायण जगदीशन को पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मैनचेस्टर टेस्ट के बाद इसकी घोषणा की। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पंत के दाहिने पैर की उंगली में फ्रैक्चर हुआ है। स्कैन रिपोर्ट में फ्रैक्चर दिखा है और डॉक्टर्स के अनुसार पंत को कम से कम छह हफ्ते आराम करना होगा। हालांकि, इसको लेकर बीसीसीआई की ओर से आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है।

### हरकुंवर सिंह वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में करेंगे कनाडा की अगुवाई



चंडीगढ़, 28 जुलाई(एजेंसी)। पंजाब में पटियाला से संबंध रखने वाले हरकुंवर सिंह तेजा युवा वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप 2025 में कनाडा का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 17 अगस्त से 24 अगस्त 2025 में विनिपेग में होगी। हरकुंवर सिंह तेजा का चयन कनाडा की राष्ट्रीय टीम में हुआ है। हरकुंवर इस समय कनाडा में ही रहते हैं। वहीं, इस चयन से पूरे परिवार व पटियाला में जश्न का माहौल है। हरकुंवर को ट्रेनिंग उनके पिता जीवनजोत सिंह तेजा दे रहे हैं। वह द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित हैं और भारतीय तीरंदाजी टीम के सीनियर कोच हैं। तेजा की मेहनत और समर्पण ने हरकुंवर को इस ऊँचाई तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। हरकुंवर सिंह तेजा ने कहा कि मैं एक जुनूनी तीरंदाज हूं। मेरे पिताजी न सिर्फ मेरे आदर्श हैं, बल्कि दुनिया के सबसे बेहतरीन कोच भी हैं। वह मेरे सबसे अच्छे दोस्त हैं और उनके साथ सीखने में बिताया हर पल मेरे लिए अनमोल है। मुझे अपने पापा के पैसों से नई-नई तीरंदाजी की चीजें ख़रीदना भी बहुत अच्छा लगता है। तीरंदाजी के अलावा मुझे जॉर्डन शूज पहनना और गोलगप्पे खाना बेहद पसंद है।

### 4 शतक लगाकर गिल ने की ब्रैडमैन-गावस्कर की बराबरी



मैनचेस्टर, 28 जुलाई (एजेंसी)। मैनचेस्टर टेस्ट में रविवार को रिकॉर्ड्स का दिन शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा के नाम रहा। गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने। वे डेब्यू टेस्ट सीरीज में 4 शतक लगाने वाले पहले कप्तान भी बने। बतौर कप्तान किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में गिल ने सुनील गावस्कर और सर डॉन ब्रैडमैन की बराबरी की। वहीं रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में नंबर-6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रॉ करा लिया। टीम ने दूसरी पारी में 143 ओवर बैटिंग की। भारत से शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर ने शतक लगाया। पहली पारी में भारत ने 358 और इंग्लैंड ने 669 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 425 रन बनाए।

# महिला कुश्ती वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित, 10 में 7 हरियाणा से

## काजल-नेहा को मिला मौका, ट्रायल में 42 पहलवानों ने लिया हिस्सा



रेवाड़ी, 28 जुलाई (एजेंसी)। बुल्गारिया में होने वाली महिला अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। इसके लिए दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में ट्रायल आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर से 42 महिला पहलवानों ने हिस्सा लिया।

चयनित 10 सदस्यीय टीम में से 7 महिला पहलवान हरियाणा से हैं, जबकि 3 दिल्ली से हैं। सोनीपत की काजल, जिन्होंने अंडर-17 चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था, उन्हें 72 किलोग्राम भारवर्ग में मौका मिला है। वहीं, 59 किलोग्राम भारवर्ग में नेहा सांगवान को टीम में शामिल किया गया है।

ट्रायल के दौरान भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, ओलिंपिक मेडलिस्ट योगेश्वर दत्त, कोषाध्यक्ष एस.पी. देशवाल, उपाध्यक्ष ओलंपियन जयप्रकाश पहलवान और हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर भी मौजूद रहे।

**नेहा से फिर गोल्ड की उम्मीद:** चरखी दादरी जिले में फौगाट सिस्टर के गांव की नेहा सांगवान ने अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप जॉर्डन में गोल्ड जीत चुकी हैं। नेहा वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में भी 4 पहलवानों को हराकर गोल्ड जीत चुकी हैं। नेहा के पिता अमित कुमार व कुश्ती कोच सज्जन सिंह ने बताया कि बुल्गारिया में भी नेहा से गोल्ड की उम्मीद है।

**जॉर्डन में दिखा था काजल का गोल्डन पंच:** बुल्गारिया में होने वाली महिला -20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए 72 किलोग्राम भारवर्ग में सोनीपत की काजल जॉर्डन में आयोजित हुई जूनियर कैडेट कुश्ती एशियन चैंपियनशिप में भी गोल्डन पंच दिखा चुकी हैं। सात साल की उम्र में ही काजल अपने चाचा कृष्ण से पहलवानी के गुर सीखने लग गई। काजल अभी तक 16 बार भारत केसरी, दो-दो बार हरियाणा और दिल्ली केसरी का खिताब अपने नाम कर चुकी है।

### दलीप ट्रॉफी के लिए साउथ जोन टीम का ऐलान: तिलक वर्मा कप्तानी करेंगे

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। भारत के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा दलीप ट्रॉफी में साउथ जोन की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट का 2025-26 सीजन 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगा। टीम में कुल 15 खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। केरल से सबसे ज्यादा 4 खिलाड़ी चुने गए हैं। विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन, बल्लेबाज सलमान निजार, और तेज गेंदबाज एमडी निदीश और बेसिल एनपी। कर्नाटक से देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख को जगह मिली है। पडिक्कल आईपीएल 2025 के आखिरी स्टेज में हैमस्ट्रिंग चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, लेकिन अब पूरी तरह फिट हैं।

**सुदर्शन, सुंदर और कृष्णा को जगह नहीं:** भारत की मौजूदा टेस्ट टीम में शामिल खिलाड़ी साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर और प्रसिद्ध कृष्णा को इस टीम में नहीं चुना गया है। ऋषभ पंत की चोट के कारण भारत टेस्ट टीम में शामिल हो रहे नारायण जगदीशन के मुख्य विकेटकीपर हो सकते हैं। तमिलनाडु से आर साई किशोर और गुरजपनीत सिंह को भी टीम में जगह मिली है।

**तिलक वर्मा ने पिछले रणजी सीजन नहीं खेला था:** तिलक वर्मा ने पिछला रणजी सीजन नहीं खेला था, क्योंकि वे उस समय इंटरनेशनल ड्यूटी पर थे। हालांकि हाल ही में तिलक ने काउंटी क्रिकेट में हैम्पशायर के लिए शानदार प्रदर्शन किया हैं। उनके स्कोर 100, 56, 47 और 112 रन रहे।

## फीडे विमेंस चेस वर्ल्ड कप फाइनल

# हम्पी-दिव्या का दूसरा गेम भी ड्रॉ रहा विजेता का फैसला टाई ब्रेकर से होगा



बाटुमी, 28 जुलाई (एजेंसी)। फीडे विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल का दूसरा गेम भी ड्रॉ हो गया है। इस नतीजे के साथ स्कोर अब 1-1 से बराबर हो गया है और विजेता का फैसला टाई ब्रेकर से होगा। इससे पहले पहला गेम जॉर्जिया के बटुमी में कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख के बीच ड्रॉ रहा था। यह पहली बार है जब इस टूर्नामेंट के फाइनल में दो भारतीय खिलाड़ी आमने-सामने हैं। दूसरा गेम लगातार चेक की सीरीज के बाद ड्रॉ पर खत्म हुआ। कोनेरू हम्पी, जो इस बार सफेद मोहरों के साथ खेल रही थीं। उन्होंने समय की भारी कमी के बावजूद एंडगेम को संभाल लिया।

**टाई-ब्रेकर कब होगा?:** कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख के बीच मुकाबला अब सोमवार को टाई-ब्रेकर में पहुंच गया है। पहले रैपिड गेम में हम्पी ब्लैक पीस के साथ खेलेंगी।

**हम्पी ने सेमीफाइनल में टिंगजी लेई को हराया :** हम्पी ने सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में चीन की टिंगजी लेई को हराकर फाइनल में जगह बनाई। टाईब्रेकर में पहली दो बाजियां 15-15 मिनट की थीं, जिसमें अतिरिक्त समय शामिल था। इसके बाद अगली दो बाजियां 10-10 मिनट की थीं। लेई ने पहली बाजी जीतकर बढ़त हासिल की, लेकिन हम्पी ने दूसरी बाजी में मुश्किल स्थिति से उबरते हुए जीत हासिल कर मुकाबला बराबर किया। टाईब्रेकर के तीसरे सेट में हम्पी ने सफेद मोहरों से पहली बाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए लेई को हराया।

**दिव्या ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन को हराया:** दिव्या ने सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन तान झोंग्यी को 1.5-0.5 से हराया। 19 वर्षीय दिव्या ने पहले गेम में सफेद मोहरों से खेलते हुए 101 चालों में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने मध्य गेम में लगातार दबाव बनाकर झोंग्यी को गलतियां करने पर मजबूर किया। क्वीन की अदला-बदली के बाद भी दिव्या की स्थिति मजबूत थी, हालांकि झोंग्यी ने एक समय वापसी की कोशिश की और बढ़त ले ली। लेकिन समय की कमी में झोंग्यी ने गलत चाल चली, जिसका फायदा उठाकर दिव्या दो प्यादों की बढ़त के साथ जीत हासिल करने में सफल रहीं।

## व्यापार

### 1 अगस्त से लागू होंगे यूपीआई के नए नियम, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए पांच लाख तक की लिमिट

# एक दिन में 50 से ज्यादा बार बैलेंस चेक नहीं कर पाएंगे, ऑटो-पे का समय बदलेगा

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। अगर आप यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई एप से बार-बार बैलेंस चेक करते हैं तो 1 अगस्त से ऐसा करने में आपको परेशानी हो सकती है। 1 अगस्त से आप एक दिन में 50 से ज्यादा बार UPI एप के जरिए बैलेंस चेक नहीं कर सकेंगे। ये बदलाव यूजर्स, बैंकों और मर्चेंट्स, सभी के लिए हैं।

***यहां सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि क्या बदल रहा है और इसका आप पर क्या असर होगा...***




### यूपीआई में कौन-कौन से नए नियम लागू हो रहे हैं?

1 अगस्त से UPI में कई बदलाव हो रहे हैं। सबसे बड़े बदलाव हैं:

**बैलेंस चेक करने की लिमिट:** अब आप एक दिन में किसी एक UPI एप से 50 से ज्यादा बार अपना बैंक बैलेंस चेक कर पाएंगे।

**ऑटो-पे ट्रांजैक्शंस का समय:** ऑटो-पे (जैसे EMI, सब्सक्रिप्शन या बिल पेमेंट) अब दिन में किसी भी समय नहीं, बल्कि तय समय स्लॉट्स में होंगे।

**ट्रांजैक्शन स्टेटस चेक की लिमिट:** अगर कोई पेमेंट अटक जाता है तो आप उसका स्टेटस सिर्फ 3 बार चेक कर सकते हैं, वो भी हर बार 90 सेकेंड के गैप के साथ।

### ये बदलाव क्यों किए जा रहे हैं?

NPCI का कहना है कि UPI सिस्टम पर बहुत ज्यादा लोड पड़ रहा है, खासकर पीक ऑवर्स (सुबह 10 से दोपहर 1 बजे और शाम 5 से रात 9:30 बजे) में। बार-बार बैलेंस चेक करना या ट्रांजैक्शन स्टेटस चेक करने से सिस्टम स्लो हो जाता है।

हाल में अप्रैल और मार्च 2025 में UPI में दो बड़े आउटेज (सिस्टम डाउन होने की घटनाएं) हुए, जिससे करोड़ों यूजर्स को परेशानी हुई। इन बदलावों से सिस्टम को तेज, भरोसेमंद और बिना रुकावट वाला बनाने की कोशिश है।

### ऑटो-पे के लिए तय समय स्लॉट्स क्या हैं?

ऑटो-पे ट्रांजैक्शंस (जैसे नेटफ्लिक्स सब्सक्रिप्शन, मोबाइल रिचार्ज, या EMI) अब नॉन-पीक ऑवर्स में प्रोसेस होंगे। ये समय हैं:

सुबह 10 बजे से पहले, दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे के बीच, रात 9:30 बजे के बाद, इससे सिस्टम पर लोड कम होगा और ट्रांजैक्शंस तेजी से पूरी होंगी।

### क्या ये बदलाव सभी यूपीआई यूजर्स पर लागू होंगे?

जवाब: हां, ये नियम सभी UPI यूजर्स पर लागू होंगे, चाहे आप PhonePe, Google Pay, Paytm, या कोई और PI एप इस्तेमाल करते हों। अगर आप बार-बार बैलेंस चेक नहीं करते या ट्रांजैक्शन स्टेटस रिफ्रेश नहीं करते, तो आपको ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा।

### आम यूजर्स पर इसका क्या असर होगा?

आम यूजर्स के लिए ज्यादा कुछ नहीं बदलेगा। आपका रोज का पेमेंट, बिल पेमेंट, या मनी ट्रांसफर उसी तरह काम करेगा। बस अगर आप दिन में 50 बार से ज्यादा बैलेंस चेक करते हैं, तो लिमिट क्रॉस होने पर आपको रुकना पड़ेगा। ऑटो-पे पेमेंट्स अपने आप तय समय पर हो जाएंगे तो आपको कुछ भी करने की जरूरत नहीं।

### क्या यूपीआई ट्रांजैक्शन की रकम की लिमिट में कोई बदलाव है?

नहीं, ट्रांजैक्शन की रकम की लिमिट वही रहेगी। ज्यादातर ट्रांजैक्शंस के लिए 1 लाख रुपए प्रति ट्रांजैक्शन और हेल्थकेयर या एजुकेशन से जुड़े पेमेंट्स के लिए 5 लाख रुपए तक की लिमिट है। इन बदलावों का उससे कोई लेना-देना नहीं है।

### यूजर्स को कुछ करना होगा?

नहीं, आपको कुछ नहीं करना। ये बदलाव आपके UPI एप्स में अपने आप लागू हो जाएंगे। बस इतना ध्यान रखें कि बैलेंस चेक करने की लिमिट का ध्यान रखें, ताकि आपको कोई दिक्कत न हो।

# सरकारी प्रतिभूतियों में निवेशकों का भरोसा कायम

**आरबीआई ने 36000 करोड़ रुपये के बॉन्ड सफलतापूर्वक बेचे**

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक ने 36,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न की। आरबीआई ने 5.91 फीसदी पर 2028 में परिपक्व होने वाली प्रतिभूति के लिए 6,000 करोड़ रुपये और 6.33 फीसदी पर 2035 में परिपक्व होने वाली प्रतिभूति के लिए 30,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि तय की थी। दोनों नीलामियां पूरी तरह सब्सक्राइब हो गईं। यह सरकारी बॉन्ड के प्रति निवेशकों की मजबूत मांग को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार 5.91 प्रतिशत जीएस 2028 के लिए 98 प्रतिभागियों से कुल 24,453 करोड़ रुपये के प्रतिस्पर्धी बोली प्रस्ताव मिले। वहीं, 6.33 प्रतिशत जीएस 2035 के लिए 402 बोलियों के जरिए 74,694 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। मूल्यांकन के बाद, आरबीआई ने 2028 बॉन्ड के लिए 5,998.13 करोड़ रुपये और 2035 बॉन्ड के लिए 29,947.86 करोड़ रुपये की प्रतिस्पर्धी बोलियों को स्वीकार किया। गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां भी पूरी तरह स्वीकार कर ली गईं। इनकी राशि क्रमशः 1.86 करोड़ रुपये और 52.13 करोड़ रुपये थी।

प्रतिस्पर्धी बोलियों में कंपनियां, बैंक और अन्य संस्थाएं निश्चित प्रतिफल पर बोली लगाकर प्रतिभूतियों में निवेश करती हैं। इसमें आवंटन सबसे कम बोली लगाने वालों को दिया जाता है। हालांकि, गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियों में खुदरा निवेशक और छोटे संस्थागत भाग लेते हैं और वे वांछित प्रतिफल नहीं देते हैं।

# स्टॉक मार्केट क्रैश: ये हैं वो 5 कारण जिसकी वजह से फिर बाजार में आई भारी गिरावट



नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। 28 जुलाई 2025 को दोपहर 2:30 बजे सेंसेक्स दिन के ऊपरी स्तर से 600 अंक टूटकर 80,884 तक गिर गया, जबकि निफ्टी 24,750 के अहम स्तर के नीचे 24,680 तक लुढ़क गया. सोमवार को शेयर बाजार में कमजोरी का रुख देखने को मिला. सेंसेक्स दिन के ऊपरी स्तर से 600 अंक टूटकर 80,884 तक गिर गया, जबकि निफ्टी 24,750 के अहम स्तर के नीचे 24,680 तक लुढ़क गया. दिन के कारोबार में कोटक महिंद्रा बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरटेल, टाइटन और अपोलो हॉस्पिटल्स जैसे दिग्गज शेयरों में जबरदस्त दबाव देखने को मिला. 3 कारोबारी सत्र में 13 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके हैं।

## 3 दिन में 13 लाख करोड़ डूबे

### क्यों टूटा बाजार? जानिए पांच बड़ी वजह

1. **कोटक महिंद्रा बैंक में 7% तक की गिरावट** : बैंक का शेयर करीब 7त्न गिर गया. क्त्रस्नङ्ग26 में बैंक का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 4,472 करोड़ रहा, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 7,448 करोड़ था. हालांकि पिछली बार के मुनाफे में 3,000 करोड़ की एकबारगी आमदनी भी शामिल थी, जो जनरल इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी बेचने से आई थी.बैंक ने रिटेल कॉमर्शियल व्हीकल पोर्टफोलियो में कमजोरी की बात कही है.
2. **FII बिकवाली** : विदेशी निवेशकों (FIIs) ने शुक्रवार को 1,980 करोड़ की बिकवाली की. पूरे पिछले हफ्ते में FII बिकवाली 13,552 करोड़ तक रही, जिससे बाजार पर दबाव बना हुआ है. Geojit के वीके विजयकुमार ने मनीकंट्रोल को बताया कि इतनी भारी बिकवाली बाजार की कमजोरी को और गहरा कर रही है.
3. **कमजोर एशियाई संकेत**: जापान का निक्केई, कोरिया का कोस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स—ड्डद्यद्य लाल निशान में रहे. इससे घरेलू निवेशकों की धारणा पर भी असर पड़ा.
4. **क्रूड की कीमतें बढ़ीं** : ब्रेंट क्रूड 0.29त्न बढ़कर स्न्ष्ठ 68.64 प्रति बैरल तक पहुंच गया. भारत जैसे तेल आयातक देश के लिए कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी महंगाई और लागत दोनों को बढ़ाती है.
5. **IT शेयरों में भारी गिरावट**: टीसीएस, विप्रो, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा जैसे IT शेयरों में बिकवाली देखी गई. टीसीएस के 2% ग्लोबल वर्कफोर्स की छंटनी की खबर ने इस सेक्टर में नकारात्मकता और बढ़ा दी है.

**आगे क्या**: जियोजीत के आनंद जेम्स ने मनीकंट्रोल को बताया कि निफ्टी को 24,450 और 24,000 के आसपास सपोर्ट मिल सकता है.अगर निफ्टी 24,922 के ऊपर बंद होता है तो शॉर्ट कवरिंग की वजह से 25,324 तक उछाल संभव है.लेकिन 25,000 के आस-पास रेजिस्टेंस बना रहेगा. बाजार में अभी कमजोर रुख बना हुआ है, और अगले कुछ दिनों तक यह जारी रह सकता है. FII बिकवाली, ग्लोबल अनिश्चितता और सेक्टोरल कमजोरी (जैसे बैंक और IT) से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. निवेशकों को सपोर्ट लेवल्स का ध्यान रखते हुए ट्रेंड ब्रेक होने तक सतर्क रहना चाहिए.

# सोने-चांदी के दाम में गिरावट

## गोल्ड 98,375 प्रति 10 ग्राम पर आया चांदी 1135 कम होकर 1.13 लाख रुपए किलो बिकी

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। सोने के दाम में आज यानी 28 जुलाई को मामूली गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 13 रुपए घटकर 98,375 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,388 रुपए पर था।

वहीं चांदी की कीमत 1,135 रुपए कम होकर 1,13,207 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,342 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

**इस साल अब तक 22,213 महंगा हुआ सोना :** इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,213 रुपए बढ़कर 98,375 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 27,190 रुपए बढ़कर 1,13,207 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

### भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत



**दिल्ली:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,750

**मुंबई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600

**कोलकाता:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600

**चेन्नई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600

**भोपाल:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,980 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:** हमेशा ब्यूरो ऑफइंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)**

रा.प्र.क्र. ..................
अ/2 वर्ष 2024-25

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार के पत्र क्रमांक 513/डाय.-33/नग्रानि/2025 बलौदाबाजार दिनांक 13/05/2025 के अनुसार आवेदक विजय कुमार गेहाणी पिता श्री गोपीचंद गेहाणी के नाम पर ग्राम- खोखली प.ह.न.41, रा.नि.मं. खोखली. तहसील-भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 70/2 कुल रकबा 0.3840 हे. का भू-उपयोग विकास योजना अनुसार वर्तमान औद्योगिक, प्रस्तावित औद्योगिक प्रयोजनार्थ होना बताया है । उक्त अभिमत के आधार पर आवेदक विजय कुमार गेहाणी पिता श्री गोपीचंद गेहाणी निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा के द्वारा ग्राम- खोखली प.ह.नं.41 तहसील-आटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 70/2 कुल रकबा 0.3840 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधर्धारण के लिए आवेदन पत्र के साथ खसरा, नक्शा, बी-1 की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 30/07/2025 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202507201500021
/अ-6/2024-25

**ईशतहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सागर मरकाम पिता स्व. शिवलाल मरकाम उम्र 27 वर्ष जाति गाण्डा निवासी सरगीपालपारा तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-स्वामी विवेकानंद वार्ड (सरगीपालपारा) कोण्डागांव में स्थित भूखण्ड क्रमांक 501/1 में से क्षेत्रफल 722 वर्गफीट भूमि वर्ष 2019 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् 30 वर्षीय पट्टा शिवलाल मरकाम पिता धोबीराम के नाम पर दर्ज होना उल्लेख करते हुए आवेदक द्वारा अपने पिता शिवलाल मरकाम पिता धोबीराम की दिनांक 25.11.2022 को मृत्यु होने के कारण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् आवेदित भूमि से फौती का नाम खारिज कर उनके वैध वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् प्राप्त 30 वर्षीय पट्टा की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 08.08.2025 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

## एक नजर

### नागपंचमी 29 को, कई स्थानों पर होगी कुश्ती



**रायपुर, 28 जुलाई।** राजधानी के विभिन्न अखाड़ों में कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। गुढ़ियारी, पुरानी बस्ती सहित अन्य व्यायाम शालाओं में यह आयोजन किया जाएगा। नागपंचमी के दिन नागों की पूजा की जाती है, वे हमारे प्राकृतिक रूप से मित्र हैं। भागवान भोले के गले में विराजमान रहते हैं, सावन सोमवार होने के कारण आज भी कांवड़ियों ने शिवालयों में पूजा अर्चना की। तृतीय सावन सोमवार को अनेक स्थानों पर शिवकारे में नारे गूंजे, तीन अगस्त को राजेश मूणत द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जो गुढ़ियारी हो कर लाखेनगर होते रायपुरा चौक पहुंचेगी। इसमें भक्त बड़ी संख्या में भाग लेंगे, बड़ी संख्या में महिलाएं हरी चुड़िया एवं हरी साड़िया पहनकर पूजा पाठ कर रही है।

### 60 पौवा देशी शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 28 जुलाई ।** रायपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत आज आरंग थाना क्षेत्र के आकोली ओवरब्रिज के नीचे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दुर्गेश यादव (36) निवासी आकोली रोड, आरंग, जिला रायपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 60 पौवा (क्वार्टर) देशी शराब और शराब बिक्री से प्राप्त लगभग 8,000 नकद जब्त किए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने अवैध शराब तस्करी और बिक्री पर लगाम लगाने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि आकोली ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है।

### जल भराव को रोकने के लिए पार्षदों ने किया वार्डों का निरीक्षण

**रायपुर, 28 जुलाई।** लगातार हुई बारिश से रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 अंतर्गत पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 अंतर्गत राजेन्द्र नगर बस्ती में जलभराव की समस्या आई. वार्ड 57 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री अमर गिदवानी ने नागरिकों सहित वार्ड की राजेन्द्र नगर बस्ती क्षेत्र में जलभराव क्षेत्रों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और नागरिकों को गन्दे पानी की सुगम निकास व्यवस्था क्षेत्र में देने नाला, नाला व्यवहारिक आवश्यकता के अनुसार बनवाने पहल और कार्यवाही शीघ्र करने के प्रति आश्वस्त किया।

### कांस्टेबल से 20 लाख की ऑनलाइन ठगी

**रायपुर, 28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में ऑनलाइन ठगों ने पुलिसकर्मी को ही अपना शिकार बना लिया। खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पदस्थ आरक्षक पृथ्वीराज सिंह से 20 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने कांस्टेबल को मोटे मुनाफे का लालच देकर इस फ्रॉड को अंजाम दिया। पृथ्वीराज सिंह को ठगों ने एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए संपर्क किया। आरोप है कि वेबसाइट के कथित ऑनर राजेश विश्वकर्मा और आयुषी ने ऑनलाइन बिजनेस में भारी मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। कांस्टेबल को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया, जहां उसे निवेश करने पर वर्चुअल मुनाफा दिखाया जाता रहा। आरक्षक ने अलग-अलग बैंक खातों में से लाखों रुपये ट्रांसफर किए। जब वह मुनाफे की रकम निकालने की कोशिश करने लगा तो ठगों ने अकाउंट वेरीफिक्रेशन के नाम पर और 13 लाख रुपये की मांग कर डाली।

# 30 को केबिनेट की बैठक में होंगे महत्वपूर्ण फैसले

## धान खरीदी सहित अन्य बिंदुओं पर होगा निर्णय

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 28 जुलाई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 30 जून को महानदी मंत्रालय में केबिनेट की महत्वपूर्ण फैसला होगा। जिसमें धान खरीदी एवं खरीफ फसल पर चर्चा होगी।

मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में दोपहर को केबिनेट की बैठक रखी गई है। बैठक की अधिकृत एजेंडा तैयार नहीं है। लेकिन बताया जाता है कि चालू वित्तीय वर्ष में धान खरीदी पर प्रमुख रूप से चर्चा होगी। धान खरीदी के लिए वित्तीय संसाधन बारदानों की कमी एवं धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए नोडल एजेंसी मार्कफेड को बनाया गया है। पिछले वर्ष 130 मीटरिक टन धान खरीदा गया था। उचित भंडारण एवं परिवहन नहीं होने के कारण 35 लाख टन धान नहीं बिक पाया।

केंद्र शासन द्वारा चालू वर्ष में चावल खरीदी का कोटा बढ़ा दिया है जिसके कारण अब ज्यादा से ज्यादा धान खरीदी होगी। पर्याप्त वर्षा होने के कारण धान की फसल अच्छी है इस समय चारों तरफ पानी गिर रहा है। सुविधानुसार राज्य शासन धान खरीदी एवं भंडारण की संख्या बढ़ाएगी।

प्रदेश के सभी 30 जिलों में हो रही अच्छी वर्षा के कारण धान की आवश्यकता है जिसके कारण शासन चिंतित जिसके लिए तरल नैनों डीएपी को मंगाया जा रहा है। इसे यूरिया में मिलाकर उपयोग में किया जाएगा। राज्य में एनपीके यूरिया फास्फोरस का भी उठाव हो रहा है। किसान सहकारी समितियों में इसे खरीदी रहे है। इधर डीएपी को लेकर सियसत तेज हो गई है।

**30 को सांसदों के साथ दिल्ली में डिनर**

शासकीय प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री 30 को नई दिल्ली जाएंगे। जहां प्रदेश के सभी सांसदों के साथ बैठकर विकास के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। रात में डिनर का आयोजन किया गया है। ज्ञात रहे प्रदेश में 11 लोकसभा सीटें है जिसमें भाजपा का कब्जा है कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत कांग्रेस की सांसद है। बैठक में सभी सांसदों अपने क्षेत्र के विकास तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# तूल पकड़ रहा ननों की गिरफ्तारी का मामला

## केरल के सीएम ने जताई नाराजगी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 28 जुलाई।** केरल की दो नन को छत्तीसगढ़ पुलिस ने दुर्ग में उस वक्त गिरफ्तार कर लिया, जब वे स्टेशन से आगरा के फातिमा अस्पताल जा रही थीं। उनके साथ तीन महिलाएं हैं और बजरंग दल का आरोप है कि धर्मांतरण के लिए दबाव बनाया गया है। जबकि केरल सरकार ने स्पष्ट कहा है कि गिरफ्तारी गलत है। तीनों महिलाएं व्यस्क हैं और नया काम शुरू करने के लिए उनके साथ आगरा जा रही थीं। केरल के सीएम के हस्तक्षेप के बाद अब दिल्ली से छत्तीसगढ़ तक हड़कंप मच गया है। कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना लिया है और मामला सियासी रंग लेने लगा है।



कांग्रेस ने भाजपा पर अटैक करते हुए कहा है कि भाजपा शासित राज्यों में अल्प संख्यकों को टारगेट कर प्रताड़ित किया जा रहा है। अब केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने पीएम नरेंद्र मोदी से छत्तीसगढ़ में गिरफ्तार कैथोलिक ननों को न्याय दिलाने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि केवल बजरंग दल के लोगों के दावे पर विश्वास कर ये गिरफ्तारियां की गई हैं। सीएम ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में प्रकरण की निष्पक्षता और पारदर्शिता से जांच करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि हिरासत में जाने के बाद दोनों नन अपने रिश्तेदारों तक से बात नहीं कर सकी हैं।

### फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र से सरकारी नौकरी का मामला

# जांच में सहयोग नहीं कर रहे अधिकारी-कर्मचारी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**मुंगेली, 28 जुलाई।** जिले में सामने आए फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र घोटाले की जांच अब नए मोड़ पर पहुंच चुकी है, लेकिन जिन शासकीय कर्मचारियों से जवाब मांगा जा रहा है, वे ही अब जांच प्रक्रिया से बचते दिख रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी जांच के तहत 27 अधिकारियों-कर्मचारियों को रायपुर के मेडिकल बोर्ड में 18 जुलाई 2025 को मेडिकल वेरिफिक्रेशन के लिए बुलाया गया था, लेकिन कई अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, इन 27 में से 20 कर्मचारियों ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जबकि 4 कर्मचारी जांच पूरी कर चुके हैं और 2 का स्थानांतरण अन्य जिलों में हो चुका है। यानी अब भी 21 अधिकारी-कर्मचारी जांच से नदारद हैं। जिला प्रशासन ने इस गंभीर लापरवाही को नजरअंदाज न करते हुए संबंधित विभागों को विभागीय कार्रवाई के निर्देश देने हेतु पत्र प्रेषित किया है। कलेक्टर कुंदन कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई जारी है और दिव्यांग सेवा संघ के साथ समन्वय बैठकों के माध्यम से मामले को निष्पक्ष ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस घोटाले का सबसे महत्वपूर्ण सवाल अब यह है कि इन फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्रों का मास्टरमाइंड कौन है? क्या यह पूरी साजिश कुछ दलालों और अंदरूनी चिकित्सा अधिकारियों की मिलीभगत से रची गई थी? अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किन-किन स्तरों पर प्रमाण पत्रों की फर्जीवाड़ा हुआ। न तो किसी दलाल की गिरफ्तारी हुई है और न ही किसी डॉक्टर या मेडिकल बोर्ड सदस्य पर कोई कार्रवाई घोषित की गई है। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने इस मामले में नाराज़गी जताते हुए कहा है कि यह सिर्फ कुछ अधिकारियों या कर्मचारियों का मामला नहीं है, बल्कि एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा लगता है।

# तहसीलदारों की हड़ताल शुरू

## दफ्तरों में 3 दिनों तक कामकाज रहेंगे ठप्प

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 28 जुलाई ।** प्रदेश भर के तहसीलदार सोमवार से की 3 दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले हो रहे इस आंदोलन में तहसीलदार और नायब तहसीलदार हिस्सा ले रहे हैं।

संघ पूर्व में भी विभाग एवं शासन से संसाधनों की कमी, मानव संसाधन, तकनीकी सुविधाएं, सुरक्षा, शासकीय वाहन एवं प्रशासनिक सहयोग जैसी मांगे की गयी है, लेकिन अभी तक मांगों की अनदेखी की जा रही है.। इसके विरोध में आज से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। इसके तहत पहले दिन 28 जुलाई को जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश, 29 जुलाई को संभाग स्तर पर सामूहिक अवकाश और 30 जुलाई को प्रदेश स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर राजधानी में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। यदि इसके बाद भी मांग पूरी नहीं की जाती है तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

हड़ताल पर ।राजस्व विभाग के उप सचिव अरविन्द एक्का ने समस्त कलेक्टरों को पत्र जारी कर किसी भी राजस्व अफसर को अवकाश नहीं देने और अनुपस्थित रहने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा है।

इसके साथ ही यह भी लिखा गया है कि संघ की मांगों के मद्देनजर राजस्व विभाग ने समय-समय पर पत्र लिखकर सुविधाएं मुहैया कराने को कहा है। हालांकि इस संबंध में कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष केके लहरे का कहना है कि उनकी 17 सूत्रीय मांगों में से कोई भी मांग अब तक पूरी नहीं की गई है। यही वजह है कि तमाम प्रयासों के बाद अब संघ आंदोलन शुरू करने जा रहा है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंजारीडाड का किया निरीक्षण




**रायपुर, 28 जुलाई।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मनेंद्रगढ़ जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंजारीडाड का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, डॉक्टरों की उपस्थिति और उपचार की गुणवत्ता की समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों और परिजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और चिकित्सक तथा मेडिकल स्टाफ को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उपचार और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने मरीजों के परिजनों से भी चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों से संवाद कर मरीजों की देखभाल में और अधिक संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए।

मंत्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पतालों की सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# सड़क पर पड़ी मिली महापुरुषों की तस्वीरें

## शिक्षा विभाग ने की शिकायत, एसडीएम बोले- दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

■ मुख्य नगर संवाददाता

**लोरमी, 28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के लोरमी से देश के महापुरुषों की तस्वीरों को फेंकने का मामला सामने आया है। यहां के ग्राम साल्हेघोरी पथरी के बीच मुख्य मार्ग में कई महापुरुषों की तस्वीरें मिली है।

जिसके बाद शिक्षा विभाग ने थाने में लिखित शिकायत किया है। वहीं मामले में एसडीएम अजीत पुजारी ने टीम गठित कर जांच की बात कही है। उन्होंने कहा कि, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



मिली जानकारी के अनुसार, डिंडौरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पथरी और साल्हेघोरी के बीच में महापुरुषों की तस्वीर सड़क पर मिली है। जिसमें प्रधानमंत्री सहित छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, बाबा साहेब अंबेडकर, स्वामी विवेकानंद, रानीदुर्गावती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर शामिल है। जिन तस्वीरों को स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों में छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदान किया था वह अब सड़क पर पड़ा मिला है।

देश के महापुरुषों की तस्वीरों का सड़क पर लावारिस हालत में मिलना अपमान ही नहीं बल्कि उनके गौरव को गहरा आघात पहुंचाने वाला है। वहीं इस मामले में लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी ने कहा कि, ग्रामीणों से शिकायत प्राप्त हुई है, शिक्षा विभाग का यह पूरा मामला है। विभाग ने टीम गठित कर जांच की जा रही है। शाम तक मामले की रिपोर्ट सामने आ जाएगी। एसडीएम ने आगे कहा- दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।महापुरुषों का अपमान बर्दाश्त नहीं।

### एनीकट डूबने से 5 मार्गों पर आवाजाही हुई बंद

**कोरबा 28 जुलाई।** कोरबा जिले में दूसरे दिन भी झमाझम बारिश होती रही। इसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्र के नदी और नाले ऊफान पर हैं। 24 घंटे में 71.5 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई। 48 घंटे में 101 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। सावन के पहले पखवाड़े में यह सबसे अधिक बारिश बतायी जा रही हैं। बरपाली तहसील में 144.5 मिलीमीटर रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है। ग्रामीण क्षेत्र के 5 प्रमुख मार्गो पर आवाजाही बंद है। इसके कारण लोग दिन भर परेशान रहे। सोन नदी पर बना एनीकट भी डूब गया है। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। इसका करतला, कोरबा और कटघोरा ब्लॉक में बारिश का सबसे अधिक प्रभाव पड़ा है। शहर में बारिश का प्रभाव कम रहा। नोनबिर्रा से रामपुर मार्ग दूसरे दिन भी बंद रहा। लोग जान जोखिम में डालकर पुल के ऊपर से पार करते रहे। छिंदई नाला पुल के ऊपर से पानी बहता रहा। सेंद्रीपाली के पास पुल के ऊपर पानी बहने के कारण आवाजाही बंद रही।

# महाविद्यालयों के अतिथि प्राध्यापकों को वेतन के लाले

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 28 जुलाई।** प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग का हाल बेहाल है। इस समय अतिथि प्राध्यापक के रूप में करीब 3 हजार से अधिक प्राध्यापक काम कर रहे है लेकिन उनके वेतन के लाले पड़े हुए हैं। कई महाविद्यालय इस समय प्राथमिक शालाओं में चल रहे हैं। वहीं प्राध्यापकों की कमी होने के कारण शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहे हैं। बताया जाता है कि नई नीति के अनुसार अब सहायक प्राध्यापकों को पर क्लास के हिसाब से दिया जाएगा।

उच्च शिक्षा संचालनालय से मिली जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश में शिक्षकों का टोटा है इस समय अतिथि प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई है। इनकी संख्या इस समय 3 हजार के आसपास हो गई है। हिंदी गणित, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान होम साइंस तथा केमेस्टी विज्ञान भौतिक सहित अन्य विषय पढ़ाते हैं। कई महाविद्यालय सिर्फ इनके भरोसे चल रहे है । नियमानुसार इन्हें निर्धारित वेतनमान दियाजाता है। जबकि नियमित रूप से सहायक प्राध्यापक की मासिक वेतन डेढ़ लाख रुपये से अधिक है।

अतिथि प्राध्यापकों ने बताया कि मानसून सत्र के पहले उन्हें वेतन देने के लिए सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया था लेकिन यह वेतनमान सत्र प्रारंभ होने के बाद भी नहीं मिला है। कई परिवारों के सामने रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। उच्च शिक्षा आयुक्त संतोष देवांगन एवं सचिव बसव राजू से कई बार मुलाकात करने के बाद इसका कोई निराकरण हो पाया है। अतिथि प्राध्यापकों का कहना है कि इस समय वेतन नहीं मिलने से वे परेशान है तीन माह का वेतन नहीं मिला है। प्रदेश में सहायक प्राध्यापकों का टोटा है पीएससी को फाइल भेजी गई है लेकिन इसका कोई फाइनल रिजल्ट नहीं आया है। रूसे के सहयोग से भी महाविद्याल चल रहे हैं।

**प्राथमिक शाला में चल रहे महाविद्यालय**

राजधानी के चार से अधिक महाविद्यालय भवनविहीन है। यह महाविद्यालय प्राथमिक शालाओं में लगते है जिसके कारण उच्च शिक्षा की हालत काफी दयनीय है। पूरे प्रदेश में सहायक प्राध्यापक नहीं होने के कारण शैक्षणिक कलेंडर प्रभावित हो रहा है। इस समय शालाओं में प्रवेश चल रहा है कई कालेज में पढ़ाई शुरू हो गई है।

**पर क्लास के आधार पर दिया जाएगा पैसा**

उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार शासन द्वारा अतिथि प्राध्यापकों को निश्चित वेतनमान नहीं दिया जाएगा बल्कि उन्हें पर क्लास के हिसाब से पैसा दिया जाएगा इससे सहायक प्राध्यापकों में नाराजगी है। उच्च शिक्षा विभाग में नये कोर्स को अनुमति नहीं मिल रही है वर्तमान आयुक्त संतोष देवांगन आईएएस अवार्ड के होने नहीं आ रहे है जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है। यहां पर वरिष्ठ प्राध्यापकों को प्रचार बनाने की फाइल लंबित है।

### स्कूल और घरों में घुस रहा फ्लाई ऐश

**पूर्व पार्षद ने उठाए सवाल**

**कोरबा 28 जुलाई।** कटघोरा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित पौनी पसारी के समीप शासकीय भूमि पर नगर के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 14 के भाजपा नेता व पूर्व पार्षद शरद गोयल ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पोंडी उपरोड़ा तथा तहसीलदार पोंडी उपरोड़ा को लिखित शिकायत देकर शासकीय भूमि की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में पूर्व पार्षद ने बताया कि ग्राम कसनिया बरभांठा, परिहा नंबर 44, राजस्व निरीक्षक मंडल सुतर्रा, तहसील पोंडी उपरोड़ा अंतर्गत आने वाली खसरा नंबर 72, रकबा 0.255 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर कांट्रेक्ट एजेंसी ने अवैध रूप से राखड़ डंप कर अतिक्रमण किया जा रहा है। यह भूमि मुख्य सडक बिलासपुर मार्ग पर स्थित है।

# मानसूनी गतिविधियां हुईं कमजोर

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 28 जुलाई।** मौसम विभाग के अनुसार इस मौसम की गतिविधियां कमजोर हो गई है, जिसके चलते एक दो दिन पश्चात वर्षा होगी। सभी जिलों में वर्षा होने के कारण इस समय नदी नाले उफान पर चल रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. से मिली जानकारी के अनुसार पुरी मध्य क्षेत्र से आने वाला अवदाब कमजोर पड़ गई है। पिछले दो दिनों से हो रही वर्षा के कारण नदी नाले उफान पर चल रहे हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक ने बताया कि एक अवदाब उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे झारखंड के ऊपर स्थित है। इसके लगातार पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए कमजोर होकर पूर्वी मध्य प्रदेश की ओर जाने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अनूपगढ़, चूरू, ग्वालियर, रीवा, अवदाब के केंद्र, पुरुलिया, कोंटई और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।



प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26